कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 331, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 27 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'प्रकाश स्तंभ की भूमिका निभाएगा 'वीर बाल दिवस'

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने के लिए हमेशा रोल मॉडल्स की जरूरत होती है। भारत की भावी पीढ़ी कैसी होगी यह इस पर निर्भर करता है कि वह किस से प्रेरित होती है। भारत की भावी पीढ़ी को प्रेरणा देने के लिए हर स्त्रोत इस धरती पर है। वीर बाल दिवस इसी क्रम में एक प्रभावी प्रकाश स्तंभ की भूमिका निभाएगा। प्रधानमंत्री ने वीर बाल दिवस को आजादी के अमृत काल से जुड़े पंचप्रण से जोड़ा और कहा कि अगर हमें भारत के भविष्य को सफलता के शिखर पर ले जाना है तो अतीत के संकुचित नजरिया से आजाद होना होगा। इसलिए, आजादी के अमृतकाल में देश ने गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का प्राण फूंका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली के मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 300 बाल कीर्तनियों ने शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने दिल्ली में लगभग 3000 बच्चों द्वारा मार्च पास्ट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के दिन 09 जनवरी को घोषणा करते हुए कहा था कि 26 दिसंबर को उनके पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी की शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक राष्ट्र की पहचान उसके सिद्धांत, मूल्य और आदर्श होते हैं। मूल्य तभी तक सुरक्षित रहते हैं जब वर्तमान पीढ़ी के सामने अतीत के आदर स्पष्ट होते हैं। आज भारत वीर बाल दिवस जैसे दिन मनाकर दशकों पहले हुई भूल को सुधार कर रहा है। इसी क्रम में उन्होंने बालकों की प्रेरणा बनने वाले भक्त प्रह्लाद, बालक ध्रुव, भगवान राम के पुत्रों लव-कुश और यमराज को प्रसन्न करने वाले नचिकेता का नाम लिया। साथ ही उन्होंने राम, कृष्ण, गौतम बुद्ध, भगवान महावीर, गुरु नानक देव, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने वीर बाल दिवस के संदेश को देश के कोने कोने तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि साहिबजादों का जीवन संदेश देश के हर बच्चे तक पहुंचे, वे उससे वह प्रेरणा ले और देश के प्रति समर्पित नागरिक बने हमें इसका प्रयास करना है ।उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस हमें याद दिलाएगा कि शौर्य की पराकाष्ठा के लिए उम्र मायने नहीं रखती। यह दिवस हमें 10 गुरुओं के देश के लिए योगदान और देश स्वाभिमान के लिए सीख परंपरा का बलिदान याद दिलाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि साहिबजादों के बलिदान में हमारे लिए बड़ा उपदेश छिपा हुआ है। सिख गुरु परंपरा एक भारत श्रेष्ठ भारत के विचार का प्रेरणा पुंज है। दो शहजादों का औरंगजेब तलवार के दम पर धर्म बदलना चाहता था। भारत के वीर बेटे मौत से घबराए नहीं। वे दीवार में जिंदा चुने गए और आततायियों के मंसूबों को हमेशा के लिए दफन कर दिया। उन्होंने उस दौर का भी जिक्र किया और कहा कि एक तरफ आतंक की पराकाष्ठा थी तो दूसरी और आध्यात्मिकता थी। एक तरफ मजहबी उन्माद था और दूसरी तरफ सब में ईश्वर देखने की उदारता। इन सबके बीच एक और लाखों की फौज और दूसरी ओर अकेले होकर भी निडर खड़े गुरु के वीर साहिबजादे।



### एक राष्ट्र की पहचान उसके सिद्धांत, मूल्य और आदर्श होते हैं: पीएम

**प्रधानमंत्री** ने कहा कि एक राष्ट्र की पहचान उसके सिद्धांत, मूल्य और आदर्श होते हैं। मूल्य तभी तक सुरक्षित रहते हैं जब वर्तमान पीढ़ी के सामने अतीत के आदर स्पष्ट होते हैं। आज भारत वीर बाल दिवस जैसे दिन मनाकर दशकों पहले हुई भूल को सुधार कर रहा है। इसी क्रम में उन्होंने बालकों की प्रेरणा बनने वाले भक्त प्रह्लाद, बालक ध्रुव, भगवान राम के पुत्रों लव-कुश और यमराज को प्रसन्न करने वाले नचिकेता का नाम लिया। साथ ही उन्होंने राम, कृष्ण, गौतम बुद्ध, भगवान महावीर, गुरु नानक देव, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने वीर बाल दिवस के संदेश को देश के कोने कोने तक पहुंचाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि साहिबजादों का जीवन संदेश देश के हर बच्चे तक पहुंचे, वे उससे वह प्रेरणा लेऔर देश के प्रति समर्पित नागरिक बने हमें इसका प्रयास करना है।

### साहिबजादों का बलिदान हमें प्रेरित करता है: पीएम मोदी

इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया का इतिहास जुल्म और अन्याय की कहानियों से भरा पड़ा है। तीन सौ साल पहले चमकौर और सिरहिंद में युद्ध लड़े गए। इनमें एक तरफ मुगल साम्राज्य था जो सांप्रदायिक चरमपंथ के प्रति अंधा था और दूसरी तरफ हमारे गुरु थे।

एक तरफ आतंकवाद था और दूसरी तरफ आध्यात्म। एक तरफ सांप्रदायिक अशांति थी तो दूसरी तरफ स्वतंत्रता थी। एक तरफ लाखों की संख्या में सैनिक थे और दूसरी तरफ साहिबजादे थे जो पीछे नहीं हटे। साहिबजादे हमें प्रेरित करने वाली पीढ़ी है।

औरंगजेब के आतंक के खिलाफ डटकर खड़े रहे गुरु गोबिंद सिंह जी: पीएम मोदी बोले- गुरु गोबिंद सिंह औरंगजेब के आतंक और भारत को बदलने की उसकी नीयत के खिलाफ डटकर खड़े रहे। औरंगजेब और उसके लोग तलवार का डर दिखाकर गुरु गोबिंद सिंह और उनके बच्चों का धर्म बदलना चाहते थे, लेकिन वे अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हए। एक देश जहां का इतिहास ऐसा है उसे तो आत्मविश्ववास से भरा होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हमें कुछ खास कहानियां ही पढ़ाई गईं, जिससे हीनभावना आती है। अगर हम भारत को नई ऊंचाईयों तक ले जाना चाहते हैं तो हमें इतिहास को छोटे नजरिए से देखना बंद करना होगा।

## लालू के खिलाफ सीबीआई ने फिर खोला केस

**पटना:** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार की मुश्किलें एक बार फिर से बढ़ सकती हैं। सीबीआई ने सालों से पेंडिंग पड़े उनके एक केस को रिओपन कर दिया है। ये मामला भी भ्रष्टाचार से जुड़ा है। इसमें लालू यादव के अलावा, उनके बेटे और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और 2 बेटियां चंदा यादव और रागिनी यादव भी आरोपियों में शामिल हैं। लालू के करीबी और केस का ब्योरा रखने वाले भोला यादव से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उनकी तरफ से अभी तक कोई जवाब नहीं मिल पाया है। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक ये रेलवे प्रोजेक्ट्स के आवंटन में भ्रष्टाचार से जुड़ा मामला है। यूपीए के पहले कार्यकाल के दौरान लालू प्रसाद यादव रेल मंत्री थे। उसी दौरान रेलवे के प्रोजेक्टस के अलॉटमेंट में इन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे।



## नई दर के साथ गन्ना मूल्य घोषित करे सरकार : रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार से गन्ना मूल्य में वृद्धि कर नयी दर घोषित करने की मांग की है। रालोद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने भाजपा सरकार में किसानों के साथ शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि यदि किसानों की समस्याएं नहीं सुलझीं तो उनकी पार्टी आंदोलन करेगी। एक लाख पत्र लिखकर मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। रालोद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मंजीत सिंह ने सोमवार को कहा कि वर्तमान समय में गन्ना का पेराई सत्र चालू है।

## हरियाणा के 6 जिलों में कोरोना के केस



**चंडीगढ़:** हरियाणा में कोरोना के 6 जिलों में एक्टिव केस हैं। गुरुग्राम में हालात ज्यादा खराब हैं, यहां सबसे अधिक अब तक 16 सक्रिय मामले हैं। चिंताजनक बात यह है कि यहां हर रोज नए केस भी मिल रहे हैं। केंद्र की गाइडलाइन आने के बाद हरियाणा सरकार ने सैंपलिंग बढ़ा दी है। अभी रोज 3 हजार से ज्यादा सैंपल लिए जा रहे हैं। गुरुग्राम के अलावा फरीदाबाद, पंचकूला में 1-1, रोहतक, यमुनानगर में 2-2 एक्टिव केस हैं। रेवाड़ी में भी एक केस मिला है। कुल मिलाकर राज्यभर में कोरोना के 23 एक्टिव केस हैं।

**24 घंटे में 4 नए केस मिले:** हरियाणा में 24 घंटे में 4 नए लोगों में संक्रमण की पुष्टि हुई है। 24 घंटे में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 3801 लोगों के सैंपल लिए थे। राज्य की पॉजिटिविटी रेट दर 0.11% रिकॉर्ड की गई है। रिकवरी रेट 98.98 प्रतिशत रिकॉर्ड किया गया है। राज्य में संक्रमण से अब तक 10 हजार 714 लोगों की मौत हो चुकी है।

**बूस्टर डोज में पिछड़ रहे हरियाणवी:** हरियाणा के लोग बूस्टर डोज में पिछड़ रहे हैं। अभी तक राज्य में सिर्फ 1953282 लोगों ने ही बूस्टर डोज लगवाई है, जो राज्य की जनसंख्या का सिर्फ 10 फीसदी ही है। 23672461 लोगों ने पहली डोज लगवाकर 100% लक्ष्य हासिल कर लिया है। वहीं दूसरी डोज 19826749 (88%) लोगों ने लगवाई है। कोविड-19 के दोबारा फैलने की आशंका को लेकर 27 दिसंबर को मॉक ड्रिल की जाएगी।

इसके अलावा, राज्य की हर सुविधा में पिछली कोरोना की तीन लहरों को देखते हुए एक फ्लू कॉर्नर बनाया जाएगा ताकि संक्रमित मरीज को वहां पर रखा जा सके। इसी तरह, फ्लू, सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन इत्यादि के मामलों का आरटीपीसीआर टेस्ट किया जाएगा।

## भारत जोड़ो यात्रा: कांग्रेस ने मायावती और अखिलेश को भेजा पत्र

**लखनऊ।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा तीन जनवरी को उप्र में प्रवेश कर रही है। इसके लिए कांग्रेस ने तैयारियां शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस ने राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होने के लिए प्रदेश के सभी विपक्ष के नेताओं को आमंत्रण भेजा है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता कृष्णकांत पाण्डेय ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सभी विपक्षी दलों के नेताओं को इस यात्रा में सम्मिलित होने के लिए उत्तर प्रदेश कांग्रेस द्वारा आमंत्रित किया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, विधायक एवं पूर्व मंत्री शिवपाल यादव, राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष एवं सांसद जयंत चौधरी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के राष्ट्रीय सचिव अतुल अंजान, सतीश चन्द्र मिश्र सहित ।



## झारखंड बना नशीली दवाओं की तस्करी का हब

**रांची:** झारखंड नशीली दवाओं (नारकोटिक्स ड्रग्स) की तस्करी का हब बन गया है। बड़ा सिंडिकेट झारखंड के रास्ते यूपी, बिहार और नेपाल-बांग्लादेश तक इसकी सप्लाई कर रहा है। यह सब कुछ दवा कंपनी, ड्रग एजेंसी और औषधि निदेशालय के अधिकारियों की मिलीभगत से हो रहा है। रांची में ऐसे ड्रग सिंडिकेट के खुलासे के बाद राज्य सरकार ने जांच का जिम्मा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) को सौंपा है। एनसीबी को लिखे पत्र में कहा गया है कि राज्य में भारी मात्रा में नशायुक्त कफ सिरप के अवैध व्यापार और सिंडिकेट का पता चला है। हिमाचल की कंपनी स्माइलेक्स हेल्थ केयर और रांची के पंडरा स्थित विश्वनाथ फार्मास्युटिकल्स इसमें शामिल हैं। नशीली दवाओं की तस्करी की शिकायत मिलने पर विभाग के संयुक्त सचिव विद्यानांद शर्मा पंकज की अध्यक्षता में जांच कमेटी बनाई गई थी। कमेटी ने रिपोर्ट में कहा है कि विश्वनाथ फार्मास्युटिकल्स की संचालक बिजेता कुमारी व उनके संबंधी वरुण सिंह, स्माइलेक्स कंपनी व इसके एमआर विपुल तिवारी यह कारोबार कर रहे हैं। विश्वनाथ फार्मास्युटिकल्स ने दो लाख फेनरिस्ट (कोडीन प्रिपरेशन) का ऑर्डर दिया गया था, जबकि कंपनी ने 5.46 लाख फेनरिस्ट की सप्लाई की। रिपोर्ट में कहा गया है कि बिना वैध परचेज ऑर्डर के आए 5.46 लाख फेनरिस्ट कफ सिरप में से 3.98 लाख सिरप की बिक्री विश्वनाथ फार्मास्युटिकल्स की ओर से कर दी गई। इसकी कीमत करीब 4.29 करोड़ रुपए है। रिपोर्ट के मुताबिक विश्वनाथ फार्मास्युटिकल्स के पास इतनी दवा रखने के लिए पर्याप्त जगह ही उपलब्ध नहीं है।



## निकाय चुनाव के लिए भाजपा तैयार : भूपेन्द्र सिंह चौधरी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सोमवार को कहा कि भाजपा निकाय चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। अदालत जैसे ही चुनाव आयोग को चुनाव कराने का निर्णय देगा हम प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया को शुरू कर देंगे। इसके बाद में हम पूरी मजबूती के साथ चुनाव में उतरेंगे। भाजपा संगठन आज की तारीख में चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी प्रदेश कार्यालय पर मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह नियमित बैठक है जिसमें हमने अपने पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि किस तरह से पार्टी की गतिविधियों को प्रदेश भर में जारी रखना है। इसके अलावा जैसे-जैसे आगे के निर्देश मिलते जाएं उस तरह से मोर्चे और प्रकोष्ठ अपने कार्यक्रम जारी रखें।

प्रदेश संगठन के पुनर्गठन के सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि दिल्ली में केंद्रीय नेतृत्व ही भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के नए संगठन को तय करेगा। हमें केन्द्रीय नेतृत्व के दिशा निर्देश का इंतजार है,जैसे ही संकेत मिलेगा उत्तर प्रदेश में भाजपा संगठन का पुनर्गठन किया जाएगा। प्रदेश में एमएलसी प्रत्याशियों के मनोनयन पर भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रत्याशी चयन का काम केंद्रीय नेतृत्व का है। हमने अपने प्रस्ताव केंद्रीय संगठन को भेज दिए हैं, वहां से नामों को जल्दी हरी झंडी मिल जायेगी।

प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक को प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह ने संबोधित किया। बैठक में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, युवा मोर्चा के अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप और अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री दानिश आजाद अंसारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## तुनिषा सुसाइड: धर्म की वजह से तोड़ा रिलेशन: शीजान

**मुंबई:** टीवी कलाकार तुनिषा शर्मा (20) की संदिग्ध हालात में मौत होने के मामले में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। इस मामले में गिरफ्तार तुनिषा के बॉयफ्रेंड जीशान ने पुलिस की पूछताछ में बड़ा खुलासा किया है। सूत्रों का मुताबिक, शीजान मोहम्मद खान ने कबूल किया है कि वह और तुनिषा एक-दूसरे के साथ रिलेशनशिप में थे। शीजान खान ने पूछताछ में बताया कि दोनों अलग-अलग धर्म से संबंध रखते थे और उनकी उम्र में भी बड़ा अंतर था। इसी वजह से उसने तुनिषा शर्मा से ब्रेकअप किया था। शीजान ने यह भी बताया है कि सुसाइड करने से कुछ दिनों पहले भी तुनिषा ने खुद को खत्म करने की कोशिश की थी, लेकिन उसने उस वक्त उसे बचा लिया था। उसने बताया कि इस बारे में उसने तुनिषा की मां को भी बताया था। हालांकि तुनिषा शर्मा के परिवार के लोग शीजान के इस बयान पर यकीन नहीं कर पा रहे हैं। उनका कहना है कि शीजान केस से बचने के लिए उम्र और धर्म की दुहाई दे रहा है। मां वनिता शर्मा शीजान ने कहा कि शीजान ने तुनिषा को धोखा दिया, वह किसी और लड़की के साथ शामिल था, लेकिन उसके बावजूद वह तुनिषा के साथ था। शीजान को बख्शा नहीं जाना चाहिए, उसे सजा मिलनी चाहिए। शीजान पहले उसके साथ रिश्ते में आया, शादी का वादा किया और फिर उसे धोखा दिया।

शीजान ने 3-4 महीने तक मेरी बेटी का इस्तेमाल किया। टीवी सीरियल अलीबाबा की अभिनेत्री तुनिषा शर्मा ने शनिवार को टीवी सेट पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

इस मामले में पुलिस ने सह कलाकार शीजान खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस इस मामले में सह कलाकारों और सेट पर काम करने वालों से भी लगातार पूछताछ कर रही है। हालांकि, पुलिस ने लव जिहाद के एंगल को सिरे से खारिज किया है। अब तक सामने आई जानकारी के मुताबिक तुनिषा को ब्लैकमेल किए जाने का भी कोई एंगल सामने नहीं आया है।



## मदर डेयरी: दूध की कीमतों में की दो रुपए की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली:** मदर डेयरी ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में उपभोक्ताओं को बड़ा झटका देते हुए फुल क्रीम, टोन्ड और डबल टोन्ड दूध की कीमतों में दो रुपये की वृद्धि कर दी है। ये दरें मंगलवार से लागू होंगी।

वहीं, गाय के दूध और टोकन मिल्क की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इससे पहले नवंबर में मदर डेयरी ने फुल क्रीम दूध की कीमत एक रुपये प्रति लीटर और टोकन दूध की कीमत दो रुपये प्रति लीटर बढ़ाने का फैसला किया था। बता दें कि मदर डेयरी वर्ष 2022 में दूध की कीमतें पांच बार बढ़ा चुका है।

### रेलवे के 111 और पेट्रोलियम क्षेत्र के 87 प्रोजेक्ट समय से पूरे नहीं हुए

## गडकरी के मंत्रालय के 358 प्रोजेक्ट समय से पीछे

**नई दिल्ली: भारत में 756 सरकारी परियोजनाएं अपने तय** समय से देरी से चल रही हैं। इसमें सबसे ज्यादा 358 प्रोजेक्ट्स सड़क परिवहन और राजमार्ग क्षेत्र के हैं। यह मंत्रालय नितिन गडकरी के हाथों में है। इसके अलावा रेलवे के 111, पेट्रोलियम क्षेत्र के 87 प्रोजेक्ट्स में निर्धारित समय से पीछे चल रहे हैं। इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग डिवीजन की नवंबर 2022 की रिपोर्ट के हवाले से यह जानकारी दी है।

**सड़क परिवहन और राजमार्ग के 358 प्रोजेक्ट्स लेट:** भारत में फिलहाल सड़क परिवहन और राजमार्ग क्षेत्र में 769 प्रोजेक्ट्स चल रहे हैं, इनमें से 358 प्रोजेक्ट्स देरी से चल रहे हैं। वहीं, रेलवे की 173 परियोजनाओं में से 111 और पेट्रोलियम क्षेत्र की 154 में 87 परियोजनाएं समय से पीछे चल रही हैं।




**मुनीराबाद-महबूबनगर रेल प्रोजेक्ट सबसे पीछे:** इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग डिवीजन केंद्रीय क्षेत्र में 150 करोड़ या उससे अधिक लागत वाली परियोजनाओं की निगरानी करता है। यह डिपार्टमेंट स्टेटिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लिमेंट मंत्रालय के अंदर आता है। इसकी रिपोर्ट में पता चला है कि मुनीराबाद-महबूबनगर रेल परियोजना सबसे ज्यादा देरी से चल रही है, इसमें 276 महीने की देरी हुई है। वहीं, देरी के लिहाज से दूसरे स्थान पर उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल परियोजना है, जो तय समय से 247 महीने पीछे चल रही है। जबकि बेलापुर, सीवुड और अर्बन इलेक्ट्रिफाइड डबल लाइन देर से चल रही तीसरी परियोजना है। यह 228 महीनों की देरी से चल रही है। इस रिपोर्ट में 150 करोड़ या इससे अधिक लागत वाली 1521 परियोजनाएं हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा पर पकड़ी गई पाकिस्तानी नाव

### पकड़े गए चालक दल के 10 सदस्यों और नाव को आगे की जांच के लिए ओखा लाया गया

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास भारतीय जल क्षेत्र में एक पाकिस्तानी नाव को पकड़ा है। चालक दल के 10 सदस्यों के साथ पकड़ी गई नाव से हथियार, गोला-बारूद और 40 किलो नारकोटिक्स बरामद की गई है। आईसीजी प्रवक्ता के अनुसार एटीएस गुजरात के खुफिया इनपुट के आधार पर भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) ने 25/26 दिसंबर की रात के दौरान ऑपरेशन चलाया। आईसीजी ने अपने जहाज अरिंजय को पाकिस्तान के साथ राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास तैनात किया। इसी दौरान आईसीजी की टीम ने एक पाकिस्तानी मछली पकड़ने वाली नाव अल सोहेली को रोका। नाव पर चालक दल के 10 सदस्य सवार थे। आईसीजी के मुताबिक भारतीय जल क्षेत्र में पकड़ी गई पाकिस्तानी नाव की।



## खबर संक्षेप

### बाइक चालक घायल,भर्ती

**मऊआइमा।** प्रतापगढ़ से प्रयागराज जा रहे युवक की बाइक डिवाइडर से टकरा गई। जिससे बाइक चालक जख्मी हो गया। ममऊआइमा क्षेत्र के रामफल इनारी पुलिस चौकी के निकट टोलप्लाजा के पास सोमवार को सुबह प्रतापगढ़ से प्रयागराज जा रहे बाइक चालक डिवाइडर से टकरा गया। जिससे बाइक चालक बुरी तरह घायल हो कर लहूलुहान हो गया। जिसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। जिसका नाम सुबराती 29 वर्ष पुत्र मोहम्मद हारुन ग्राम बरबतपुर जेठवारा प्रतापगढ़ बताया गया है।

### संत निरंकारी मिशन का हुआ वार्षिक भंडारा

**मऊआइमा।** संत निरंकारी मंडल कार्यक्रम का आयोजन मऊआइमा के ग्राम चौहान का पूरा में हुआ। जिसमें भंडारा का भी कार्यक्रम हुआ। मऊआइमा के ग्राम चौहान का पूरा में सन्त निरंकारी मंडल का कार्यक्रम के दौरान प्रचारक महत्मा जोनल इंचार्ज अशोक सचदेव अपने प्रवचन में कहा कि रूहानियत और इंसानियत संग संग और मानव को ही मानव प्यार हो तथा एक दूजे से प्यार हो। और सभी एक दूसरे का सहारा बनों। इस अवसर पर बडी संख्या में लोग मौजूद थे और भंडारण का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर धर्म राज ,पंकज ,विजय ,अभय राज ,राजू ,रूप चंद्र ,इन्द्र केश ,प्रकाश ,संजय ,रवि ,चन्द्र जीत यादव आदि मौजूद थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कोविड प्रबंधन के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

## जिलाधिकारी ने सर्विलांस टीमो, मोबाइल सैम्पलिग टीमो, रैपिड रिस्पांस टीमो को क्रियाशील बनाये रखने के दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में कोविड प्रबंधन के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को सर्विलांस टीमो, मोबाइल सैम्पलिग टीमो, रैपिड रिस्पांस टीमो को क्रियाशील बनाये रखने तथा एम्बुलेंस को चिन्हित किये जाने के लिए कहा। उन्होंने स्वरूप रानी एवं बेली अस्पतालो में 100-100 बेड आरक्षित किये जाने के लिये कहा है। जिलाधिकारी ने मंगलवार को होने वाले कोविड मॉकडिल के समय कोविड के लिये चिन्हित किये गये अस्पतालो मे दवाओ, कंसनट्रेटर, बेंटीलेटर सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जाच किये जाने के लिये कहा है, साथ ही साथ उन्होंने आक्सीजन प्लांटो की क्रियाशीलता की भी जाच करने के लिये कहा है। उन्होंने अस्पतालो मे मैनपॉवर की उपलब्धता बनाये रखने तथा पैरामेडिकल स्टॉफ को पुनः प्रशिक्षित कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने जन जागरूकता अभियान भी चलाये जाने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने फ्रंटलाईन वर्करो को चिन्हित करते हुये उनको बूस्टर डोज लगाये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने कोविड अस्पतालो में विद्युत सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाये सुनिश्चित कराये जाने के लिये कहा है। उन्होंने खराब उपकरणो को ठीक कराने या उनको बदलने के लिये कहा। जिलाधिकारी ने पी एस सिस्टम के माध्यम से जन जागरूकता लाये जाने एवं कोविड गाईड लाईन का पालन किये जाने हेतु लोगो को जागरूक करने के लिये कहा। उन्होंने थर्मो स्कैनर से जाच किये एवं लक्षण वाले लोगो की जाच कराये जाने हेतु कहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ नानक सरन सहित अन्य चिकित्सकगण एवं सम्बन्धित विभागो के अधिकारीगण उपस्थित रहे है।

## दहशत फैलाने के लिए शातिरों ने की बम बाजी

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के कनिहार में बाइक सवार बदमाशों ने रविवार की देर रात बमबाजी कर सनसनी फैला दी। सूचना पर पहुची पुलिस ने मौके पर पहुच जांच की। शातिरों की पहचान के लिए पुलिस आसपास लगे लिए सीसी टीवी फुटेज को खगाला रही है। कनिहार निवासी आकिल अहमद का मकान कनिहार रोड पर ही है। रोड पर दिन रात आवागमन होता रहता है। रविवार की देर रात बाइक सवार दो युवक आये और आकिल के घर के पास बाइक रोकी बाइक से उतर कर एक युवक आया आकिल के दरवाजे पर एक के बाद एक बम पटक सनसनी फैलादी। धमाके की आवाज सुन कर घर में सो रहे आकिल परिवार के साथ बाहर आये पड़ोसी भी अपने अपने दरवाजे के बाहर आ गए। आकिल ने देखा की दरवाजे का शीशा टूटा था। दीवाल का प्लास्टर उड़ गया था जहाँ बम लगा था जमीन पर बम के अवसेस पड़े थे। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर फोर्स के साथ पहुचे चौकी इंचार्ज योगेंद्र सिंह आसपास पूछताछ की। सूत्रों की माने तो बमबाजी करने वालो की तलाश में झूंसी पुलिस ने सरायइनायत के एक गांव में दबिया दी।

# मुकदमों की वापसी के लिए पुलिस आयुक्त से मिले छात्र

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) में सुरक्षा गार्डों की ओर से छात्र पर किए गए हमले के विरोध में छात्र नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा से मिलकर ज्ञापन दिया और छात्रों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अवनीश यादव ने पुलिस आयुक्त से कहा कि छात्र पिछले 890 दिनों से गांधीवादी तरीके से अपने हक और अधिकार को लेकर आंदोलनरत हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन जहां एक तरफ उनके साथ पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रहा है, वहीं पुलिस प्रशासन छात्रों पर फर्जी मुकदमे लिखकर उन्हें परेशान कर रहा है, जो न्याय संगत नहीं है।अवनीश ने मांग की कि छात्रों के खिलाफ दर्ज सभी मुकदमे वापस लिए जाएं और विश्वविद्यालय प्रशासन छात्रों के साथ सकारात्मक वार्ता के लिए पहल करे, ताकि विश्वविद्यालय प्रशासन और छात्रों के बीच बना गतिरोध दूर हो सके। प्रतिनिधि मंडल में हरेंद्र यादव, आनंद सांसद, क्रांतिकारी सुधीर आदि मौजूद रहे।

### पूर्व सैनिकों ने छात्र नेताओं के खिलाफ खोला मोर्चा

इलाहाबाद विश्वविद्यालय में छात्र नेताओं और सुरक्षा गार्डों के बीच हुई भिड़ंत को लेकर पूर्व सैनिकों ने छात्र नेताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सैनिक कॉलोनी में सोमवार को हुई पूर्व सैनिकों की बैठक में घटना की निंदा की गई और आरोप लगाया कि उपद्रवी छात्र नेताओं ने सुरक्षा गार्डों पर हमला किया, उनके वाहन तोड़े। ऐसे में उपद्रवी छात्र नेताओं को गिरफ्तार जेल भेजा जाए। बैठक की अध्यक्षता पुरुषोत्तम पांडेय एवं संचालन एके तिवारी ने किया। इस दौरान श्याम सुंदर सिंह पटेल, बीएन प्रसाद, राजीव कुमार दुबे, आरएन दुबे, पवन कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# घटतौली को लेकर कोटेदार के खिलाफ ग्रामीणों ने की नारेबाजी, किया प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश



**मेजा रोड।** विकास खंड उरूवा अंतर्गत ग्रामसभा पकरी में कोटेदार द्वारा राशन में घटतौली करने व राशन न देने को लेकर सोमवार को नाराज ग्रामीणों ने कोटे की दुकान पर जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कोटेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कार्रवाई की मांग की। ग्राम प्रधान के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन बंद किया। चेतावनी दी कि अगर कार्रवाई नहीं की गई तो वह लोग डीएम को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत करेंगे।ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में कुल 700 के करीब पात्र राशन कार्ड धारक हैं। यूनिट के अनुसार राशन न मिलने व कभी-कभी राशन न देने का आरोप लगाते हुए कहा कि कोटेदार द्वारा राशन देने से पहले सभी पात्र राशन कार्ड धारकों से अंगूठा लगवा दिया जाता है। इसके बाद राशन वितरण सिर्फ एक दिन लोगों को बिना बताए किया जाता है। इससे अधिकांश पात्र लाभार्थी राशन से वंचित हो जाते हैं। कोटेदार द्वारा कहा जाता है कि जिसको राशन नहीं मिला उसको अगले महीने मिलेगा। सोमवार को नाराज ग्रामीणों ने कोटेदार के प्रदीप कुमार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि हर बार अंगूठा लगाकर कोटेदार राशन नहीं देता है उसी से गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर उतरकर कोटेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ग्रामीणों ने कहा कि ऐसा कोटेदार नहीं चाहिए।

### पार्कों से अवैध अतिक्रमण हटाकर वसूला जुर्माना

**झूंसी।** क्षेत्र के पार्कों में हुए अवैध अतिक्रमण को हटाने पहुंची नगर निगम प्रवर्तन दल की टीम को लोगों के विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान टीम ने कई पार्को से अवैध अतिक्रमण हटवा का जुमार्ना भी वसूला। घंटो चली कर्यवाही के दौरान कालोनी वासियो में हड़कंम मचा रहा। झूंसी के आवास विकास कालोनी योजना दो व तीन में स्थित पार्को में लोगो ने कही टीन सेड डाल कर कार पार्किंग वना लिया था तो किसी ने डीजे रोडलाइट खड़ी कर गोदाम बनाया है। कुछ पार्को के गेट पर ताले लगे थे। मामले की शिकायत पर नगर निगम जोन संख्या 8 के अधिशासी अधिकारी व प्रवर्तन दल अधिकारी कर्नल आरबी सिंह के नेतृत्व में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ सोमवार को अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान अवैध अतिक्रमणकारियों ने टीम का विरोध किया लेकिन परशुराम पार्क व दुर्गा पूजा सहित दर्जन भर पार्को से अवैध अतिक्रमण हटवाकर लोगो को हिदायत दी। टीम ने 9 हजार जुमार्ना वसूला। कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण प्रभारी अशोक मिथिलेश, जेई नगर निगम मानिकचंद, सुपरवाइजर विजयपाल सहित अतिक्रमण, प्रवर्तन दल व नगर निगम की टीम उपस्थित रही।

# इफको फूलपुर में नैनो यूरिया का उत्पादन शुरू रोजाना 50 हजार बोतल हो रहा उत्पादन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** इफको का बहुप्रतीक्षित उत्पाद नैनो यूरिया तरल का उत्पादन फूलपुर की इफको इकाई में शुरू हो गया है। फूलपुर में स्थापित नैनो प्लांट की उत्पादन क्षमता प्रतिदिन दो लाख बोतल है। शुरूआती दौर में 50 हजार बोतल प्रतिदिन से नैनो का उत्पादन शुरू कर दिया गया है। पूरी क्षमता से उत्पादन शुरू होने में अभी कुछ महीने का समय लगेगा। एक ही दिन इफको ने उत्तर प्रदेश में अपने दो प्लांटों प्रयागराज के फूलपुर एवं बरेली की आवला यूनिट में नैनो यूरिया तरल का उत्पादन प्रारंभ किया है। फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए यूरिया के सर्वाधिक इस्तेमाल से कृषि भूमि की उर्वराशक्ति नष्ट हो रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए इफको ने नैनो यूरिया तरल का उत्पादन शुरू किया है। इफको प्रबंधन का दावा है कि नैनो फर्टिलाइजर से भूमि की उर्वराशक्ति ही नहीं बल्कि उत्पादन भी बढ़ेगा। यह नैनो तरल 45 किलो वाली एक बोरी यूरिया से सस्ती होगी। बोरी वाली यूरिया की कीमत जहां 267 रुपए प्रति बोरी है, वहीं नैनो तरल की आधा लीटर खाद सिर्फ 240 रुपये में ही किसानों को मिल जाएगी और काम एक बोरी यूरिया के बराबर करेगी।इफको फूलपुर के कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया एवं संयंत्र के वरिष्ठ महाप्रबंधक गिरिधर मिश्र ने बताया कि नैनो यूरिया तरल कृषि के क्षेत्र में इफको का जहां एक क्रांतिकारी कदम है, वहीं भारत की अर्थव्यवस्था के लिए भी यह लाभकारी सिद्ध होगी। बताया कि इफको फूलपुर में स्थापित नैनो प्लांट की क्षमता 100 किलो लीटर यानी 2 लाख बोतल प्रतिदिन की है।दो दिन पहले प्लांट का ट्रायल हुआ और 50 हजार बोतल से उत्पादन शुरू किया गया। जुलाई 2023 से यह प्लांट पूरी क्षमता से शुरू कर दिया जाएगा। यहां उत्पादित नैनो यूरिया तरल का सोमवार से कारडेट इफको द्वारा हजारों एकड़ भूमि में की जा रही फसलों में इस्तेमाल के लिए भेजी गई। विदेशों में भी इसकी भारी मांग है।

### विश्व का सबसे बड़ा आविष्कार है इफको नैनो

इफको के कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने बताया कि नैनो यूरिया तरल इफको के प्रबंध निदेशक डॉ. यूएस अवस्थी के कठिन परिश्रम और उनकी दूरगामी सोच की वजह से संभव हो सका है। जो विश्व का सबसे बड़ा आविष्कार है। नैनो टेक्नोलाजी में इफको के अनुसंधान एवं विकास जरूरी रासायनिक संरचना के साथ विश्व स्तर पर उर्वरक उत्पादन को बेहतर बनाने की क्षमता प्रदान करता है। जो पर्यावरण प्रभाव को कम करता है और पौधो की उत्पादकता को बढ़ाता है। नैनो तरल के प्रयोग से बंजर हो रही जमीन की उर्वराशक्ति बढ़ेगी।



## पत्रकार संघ का अध्यक्ष बनने पर सुमन्त भार्गव का किया गया जोरदार स्वागत



अखंड भारत संदेश

**बारा।** पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज के बारा तहसील इकाई अध्यक्ष बनने पर शिक्षामित्रों ने सुमन्त भार्गव का जोरदार स्वागत किया। आशीष जायसवाल ने माल्यार्पण करते हुए कहा कि हमारा मान बढ़ाने का कार्य भार्गव जी ने किया है।जिससे समाज एवं शिक्षामित्रों की समस्याओं को प्रमुखता से प्रकाशित करने का कार्य होगा। आभार प्रकट करते हुए भार्गव ने कहा कि समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास रहेगा। इस मौके पर प्रभात चन्द्र द्विवेदी, विजय रावत, के डी पाण्डेय, रीता शुक्ला, वंदना श्रीवास्तव, अर्वंतिका यादव, कल्पना, विजय प्रकाश, दशरथ लाल भारती, रामकीर्तन, राजेश कुमार, राकेश कुमार, विजय कुमार, यादवेन्द्र सिंह सहित कई शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# सामूहिक नकल में दोषी प्रयागराज मंडल के 270 कॉलेजों पर लगा जुर्माना

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भइया) राज्य विश्वविद्यालय ने सामूहिक नकल में दोषी पाए गए 270 संघटक महाविद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन पर 75 हजार से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाया है। साथ ही 43 कॉलेजों को डिबार कर दिया है, जिन्हें आगामी परीक्षाओं में केंद्र नहीं बनाया जाएगा। प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ और फतेहपुर में राज्य विवि के 653 संघटक महाविद्यालय हैं। सत्र 2021-22 की स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की परीक्षा के लिए 392 महाविद्यालयों को केंद्र बनाया गया था। परीक्षा के दौरान कंट्रोल रूम एवं उड़ाका दलों की रिपोर्ट और कॉपियों के मूल्यांकन के आधार पर 270 महाविद्यालयों में सामूहिक नकल के मामले सामने आए। इनमें प्रयागराज के 160, फतेहपुर के 40, कौशाम्बी के 32 और प्रतापगढ़ 38 महाविद्यालय शामिल हैं। राज्य विश्वविद्यालय प्रशासन ने ऐसे कॉलेजों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए इनमें से 15 को दो साल और 28 को एक साल के लिए डिबार कर दिया है। साथ ही इन कॉलेजों पर डेढ़-डेढ़ लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। जनवरी के पहले सप्ताह से शुरू होने जा रहीं सेमेस्टर परीक्षाओं में अब इन कॉलेजों को केंद्र नहीं बनाया जाएगा। इसके अलावा विश्वविद्यालय प्रशासन ने 52 महाविद्यालयों को चेतावनी देते हुए डेढ़-डेढ़ लाख रुपये, 76 महाविद्यालयों को चेतावनी देते हुए एक-एक लाख रुपये और 99 कॉलेजों को चेतावनी देते हुए 75-75 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। इन सभी केंद्रों को हलफनामा देना होगा कि आगे से ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं होंगे।कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह का कहना है कि उत्तर प्रदेश शासन से प्राप्त निदेर्शों के क्रम में नकल के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभिन्न परीक्षाओं को शुचितापूर्ण और नकलविहीन कराने के लिए कई कदम उठाए हैं। परीक्षाओं में सीसीटीवी, अत्याधुनिक तकनीक वाला कंट्रोल रूम और उड़ाका दल के माध्यम से कड़ी निगरानी एवं औचक निरीक्षण की व्यवस्था की गई थी।

### सामूहिक नकल में पकड़े गए 27220 परीक्षार्थी

बीए, बीएससी, बीकॉम की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा में कुल 27220 परीक्षार्थी सामूहिक नकल में दोषी पाए गए। इनमें से ज्यादातर परीक्षार्थी बीएससी के हैं। प्रथम वर्ष के 9245, द्वितीय वर्ष के 9434 और तृतीय वर्ष के 8541 विद्यार्थी सामूहिक नकल में दोषी पाए गए हैं।

### दोबारा परीक्षा दे रहे 23540 विद्यार्थी

सामूहिक नकल में दोषी पाए गए परीक्षार्थियों को विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक अन्य अवसर प्रदान करते हुए उनके लिए अलग से परीक्षा आयोजित की। यह परीक्षा शुरू हो चुकी है। सामूहिक नकल में दोषी पाए गए 27220 में से 23540 विद्यार्थी दोबारा परीक्षा दे रहे हैं, जबकि बाकी विद्यार्थियों ने दोबारा परीक्षा देने के लिए आवेदन ही नहीं किए।

### परीक्षा समिति के निर्णय पर हुई कार्रवाई

कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि नकल में दोषी पाए गए कॉलेजों के खिलाफ परीक्षा समिति के निर्णय पर कार्रवाई की गई है। परीक्षा समिति के पास अपने विवेक के आधार पर परिस्थितियों के अनुसार कॉलेज को डिबार करने, जुमार्ना लगाने का अधिकार है। पूर्व में भी ऐसी कार्रवाई होती रही है, लेकिन इस बार व्यापक पैमाने पर महाविद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## प्रेमिका से झगड़े के बाद ई रिक्शा चालक ने फांसी लगाई

अखंड भारत संदेश

### धुस्सा जंगल में पेड़ से लटकता मिला शव

**प्रयागराज।** राजरूपपुर स्थित कांशीराम कॉलोनी में रहने वाले ई-रिक्शा चालक टिंकू (28) ने प्रेमिका से झगड़े के बाद फांसी लगाकर जान दे दी। उसका शव सुबह धुस्सा जंगल में पेड़ से लटका मिला। हत्या की आशंका भी जताई जा रही थी, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट हो गया कि उसने खुद ही जान दी। टिंकू जयरामपुर पटपर का रहने वाला था। उसके पिता रामबाबू गैस एजेंसी में काम करते हैं। एक महिला से उसके प्रेम संबंध थे। महिला अपने पति से अलग होकर कांशीराम कॉलोनी में रहती है। पिछले कई महीनों से टिंकू कांशीराम कॉलोनी में प्रेमिका के साथ ही रहता था। वह ई-रिक्शा चलाता था। मंगलवार सुबह उसका शव धुस्सा जंगल में एक पेड़ से लटका मिला। सूचना पर पुलिस पहुंच गई। शिनाख्त के बाद जानकारी दी गई तो घरवाले आ गए। रोते-बिलखते सुमन भी मौके पर पहुंची। पूछताछ में महिला ने बताया कि टिंकू शराब पीने का आदी था और आए दिन उससे झगड़ा करता था। सोमवार रात भी उसने उसे मारापीटा था। इसके बाद रात आठ बजे गुस्से में घर से निकल गया और फिर नहीं लौटा। सुबह उसका शव फांसी पर लटके मिलने की जानकारी हुई। उधर, मृतक के घरवाले अनहोनी की आशंका भी जता रहे थे। इस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम में पता चला कि उसकी मौत फांसी लगाने की वजह से हुई। धूमनगंज इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौर्य ने बताया कि मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# मेजा पुलिस ने बैंकों में चलाया चेकिंग अभियान



अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड ।** मेजा पुलिस ने विभिन्न बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया। इसमें मुख्य रूप से बैंकों में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया और अलार्म सिस्टम को भी परखा गया। बैंकों के बाहर मौजूद संदिग्धों से पूछताछ की गई और बिना वजह मौजूद न रहने की हिदायद दी गयी।बता दे कि सोमवार को थाना प्रभारी मेजा ज्ञानेश्वर मिश्रा के नेतृत्व में मेजारोड, सिरसा सहित चेकिंग अभियान चलाया गया। दरअसल, पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के निर्देशन में यह अभियान चलाया गया। पुलिस आयुक्त ने निर्देश दिए थे कि साप्ताहिक बन्दी के बाद बैंको के खुलने पर अपराध और अपराधियों पर नियन्त्रण और बैंक, एटीएम की सुरक्षा के लिए क्षेत्र के थाना प्रभारी अपने -अपने थाना क्षेत्र के बैंक और एटीएम की चेकिंग करेंगे। उसी क्रम में बैंक के पास खड़े संदिग्धों की भी चेकिंग की गयी। वही चेकिंग के दौरान बैंकों मे लगे सुरक्षा उपकरणों सीसीटीवी कैमरों, आलर्म आदि को भी चेक किया गया और सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को चेक कर जरुरी दिशा निर्देश दिये गये। बता दे की बाइक चोरी की घटनाएं सबसे ज्यादा बैंकों के आसपास होती हैं। जिसको लेकर सभी बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है और साथ ही बैंक उपभोक्ताओं को किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े उसी के संबंध में चेकिंग की जा रही है। और बैंकों में संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस की बैंकों में चेकिंग के दौरान लोगों में हड़कंप मचा रहा।

### सीडीओ ने चयनित मत्स्य पालकों की समीक्षा की

**प्रयागराज।** मत्स्य संपदा योजना अन्तर्गत चयनित लाभार्थियों को परियोजनाओं की जानकारी हेतु एकदिवसीय वर्कशॉप आयोजित किया गया! सोमवार को विकास भवन के सरस सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी शीपू गिरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मत्स्य पालकों की समस्याओं को हर संभव निदान करने की बात कही! इस मौके पर मत्स्य विभाग द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के चयनित लाभार्थियों को संपूर्ण जानकारी प्रदान की गई, सीडीओ ने मत्स्य पालकों को योजनाओं में आ रही कठिनाइयों को दूर करने के लिए हर संभव मदद् का आश्वासन दिया! मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रयागराज इरफान उल्ला खान ने लाभार्थियों को कार्य शुरू करने की जानकारी प्रदान करते हुए डीपीआर कराए गए कार्य एवं संबधित बिल को समय समय पर कार्यालय में उपलब्ध कराने के लिए मत्स्य किसानों को बताया! मत्स्य कृषकों को यह भी जानकारी प्रदान की गई कि सभी परियोजनाओं में स्वंय केअंश से कार्य पूर्ण कराए जाने पर ही अनुदान की राशि कृषकों को प्रदान की जाएगी! इस मौके पर जनपद से आए दर्जनों किसानों ने योजनाओं को पूर्ण किए जाने की जानकारी हासिल की।

# जैविक बाजार का डीएम ने किया निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज में तैयार हो रहे यूपी के पहले जैविक बाजार का सोमवार को डीएम संजय खत्री ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने जैविक बाजार में उपलब्ध कराई जा रहीं सब्जियों और फलों के व्यापक प्रचार प्रसार का निर्देश दिया है।



### जिलाधिकारी को बताया कैसे मिलेंगी घर बैठे सब्जियां

जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री को उप निदेशक कृषि विनोद कुमार ने जैविक बाजार और उसमें आने वाले सभी उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यह भी बताया कि यह जैविक बाजार आम आदमी की पहुंच में कैसे आएगा। कैसे फल और सब्जियां शहर के आम नागरिकों को मुंडेरा मंडी आकर भी और एप के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा।बताया कि जैविक बाजार में जनपद के किसानों के द्वारा उगायी जा रहे जैविक सब्जियों और अन्य उत्पादों को किसानों से खरीद कर विक्रय किया जायेगा। इसके लिए वेंडर का चयन किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि को निर्देशित करते हुए कहा है कि वेंडर द्वारा होने वाली समस्त कार्रवाईयां पूरी पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित की जाएं। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस बाजार की लोगों को जानकारी हो सके इसके लिए इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए। जिलाधिकारी ने वहां पर जैविक बाजार के लिए बनाये गये कक्षों, प्लेटफार्म सहित प्रवेश और निकास सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने मंडी सचिव को मंडी में साफ-सफाई तथा अन्य सभी व्यवस्थायें चुस्त-दुरुस्त बनाये जाने का भी निर्देश दिया है।

### महापौर पद के लिए अचानक चर्चा में आया डिप्टी सीएम केशव प्रसाद के बेटे योगेश मौर्य का नाम

**प्रयागराज।** निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर भले ही अभी कोई निर्णय न आया हो, लेकिन भाजपा में टिकट के दावेदारों की संख्या बढ़ती जा रही है। इन्हीं दावेदारों में अब डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के पुत्र योगेश मौर्य का नाम भी सामने आया है। हालांकि योगेश का नाम समर्थकों की तरफ से उछाला गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी इसे पार्टी नेता खूब शेयर भी कर रहे हैं। इस माह की शुरूआत में ही प्रयागराज में महापौर का पद पहली बार अन्य पिछड़ा वर्ग के खाते में गया। हालांकि मेयर आरक्षण को लेकर कुछ लोग कोर्ट में चले गए। मंगलवार 27 दिसंबर को इस संबंध में कोर्ट का निर्णय भी आ सकता है। इसी बीच बीते दो दिन से सोशल मीडिया में डिप्टी सीएम के पुत्र का नाम मेयर पद के संभावित उम्मीदवार के रूप में समर्थकों द्वारा उछाला गया है।

# सुशासन दिवस के रुप में मना पूर्व प्रधानमंत्री अटल का जन्मदिवस

## पश्चिमी सहोदरपुर में भाजपा नेता ने आयोजित किया कार्यक्रम



अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा नेता संतोष मिश्र।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पूर्व प्रधानमंत्री पंडित अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिवस को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं ने सुशासन दिवस के रुप में मनाया। नगर के पश्चिमी सहोदरपुर वार्ड में वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष मिश्रा के संयोजन में आयोजित सुशासन दिवस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को भी कार्यकताओं ने गंभीरता से सुना।

वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष मिश्र ने कहा कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई ऐसे लोकप्रिय नेता रहे जिनका आज दुनिया में सम्मान है। श्री मिश्र ने आगे कहा कि जहां यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा है वही उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तरक्की की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। संतोष मिश्र ने आगे कहा कि आज सही मायने में सुशासन है। सुशासन दिवस मनाने का संकल्प भाजपा ने पूरा किया इसे हर व्यक्ति जान चुका है।

कानून व्यवस्था के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों पर सरकार अच्छा कार्य कर रही है। सभासद धर्मशील ने भी अटल जी के अच्छे कार्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनजीत सिंह छाबड़ा ने भी सरकार के प्रयास की सराहना की। इस कार्यक्रम से पूर्व वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष मिश्र अपने कार्यकताओं एवं सहयोगी साथियों के साथ महुली स्थित वृद्ध आश्रम गए जहां बुजुर्गों के लिए नाश्ते का प्रबंध करके उनका आशीर्वाद लिया।उनके साथ कुछ समय व्यतीत किया। इस दौरान व्यवसाई नेता राम शंकर जायसवाल, घन्नू सिंधी, व्यवसाई रोहित मिश्रा, अचलपुर सभासद आशुतोष सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, नवीन खंडेलवाल, अनुरूप पटेल, सुधीर दुबे सहित अनेकों लोग रहे।

## पूर्व विधायक ने भारत रत्न अटल की मनाई जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** कस्बे के कायस्थ पट्टी में भाजपा कार्यकताओं ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की जयंती मनाई गई। साथ ही प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना गया। कार्यक्रम में रहे पूर्व विधायक राम शिरोमणी शुक्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन के संस्मरणों को साझा किया। भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अभिनव शुक्ला ने भी भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि राकेश मिश्रा, राजेन्द्र श्रीवास्तव, दिनेश पांडेय, अरविंद पांडेय, श्याम शंकर मिश्रा, अशोक पांडे सहित काफी संख्या कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व विधायक राम शिरोमणि।

# कानपुर इण्टर सिटी ट्रेन को चलाने की व्यापारियों ने की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक के परियावां कालाकांकर रेलवे स्टेशन से सुबह व शाम को गुजरने वाली कानपुर इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन को कानपुर सेंट्रल जाने के लिए सुबह ब्यापारियों ने मांग किया जिससे ब्यापारियों को माल की खरीददारी के लिए कानपुर जा सके जिसका कारण यह है कि कानपुर मंडी में कपड़ा के मामले में दिल्ली के रेट का माल सस्ता पड़ता हैऔर किराना की बड़ी मंडी पड़ती है। यदि कानपुर इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन 14101 अप व डाउन 14102 को सुबह प्रयागराज संगम से गंगा गोमती ट्रेन के बाद कानपुर सेंट्रल के लिए रेल विभाग चला दे तो लाल गोपाल गंज,कुन्डा, मानिकपुर ,परियावां,व ऊँचाहार के ब्यापारियों को काफी हद तक राहत मिल सकती है। मांग करने वालों में कुन्डा, मानिकपुर व परियावां के ब्यापारी शामिल हैं जिसमे मुख्य रूप से अनिल अग्रहरि, गनेश अग्रहरि, कक्कू अग्रहरि, पिन्टू शुक्ला, पप्पू गुप्ता, अर्जुन गुप्ता, मिश्रीलाल विश्वकर्मा, रोहित अग्रहरि, गोपाल अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, सत्यम अग्रवाल, प्रदीप कुमार, सन्नो शुक्ला, रामजश शुक्ला आदि लोग है।

# छेडछाड का आरोप, दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज कोतवाली के पूरे झाउ लाल बटौली निवासी संजय कुमार सरोज की पत्नी नीलम देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती पचीस दिसंबर को शाम छः बजे वह खेत गयी थी। पीडिता का आरोप है कि खेत से वापस लौटते समय नहर पर गांव का एक आरोपी बाइक से उसे देखकर रूक गया। आरोपी द्वारा पीडिता को जबरिया नहर के अंदर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया गया। पीडिता के शोर मचाने पर उसका ससुर गांव के लोगों के साथ दौडा तो आरोपी उसे जानलेवा धमकी देते चला गया।

# महेशगंज पुलिस ने किया जन चौपाल का आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देश पर कानून ब्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाये रखने के लिए महेशगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोगहर में जन चैपाल का आयोजन किया। महेशगंज थानाध्यक्ष प्रमोद सिंह ने जन चैपाल में कहा कि शासन ने ग्रामीणों की छोटी-मोटी समस्याओं को गांव स्तर पर ही समझाने के लिए पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया है थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों से उनकी समस्याएं के बारे में जानकारी पूछा जिस पर कुछ ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं की जानकारी पुलिस को दी।

थानाध्यक्ष ने आगामी नगर पंचायत चुनाव में उत्पन्न होने वाले विवादों की जानकारी ली और शांतिपूर्ण ढंग से लोगों को चुनाव में भागीदारी करने का बात कही वही लोगों से अवैध गांजा, अवैध शराब निर्माण, बिक्री पर रोक हेतु अपील की गई ,जन चैपाल कार्यक्रम में हल्का एसआई दीपक यादव ने ग्राम सभा के शस्त्र और अपराध रजिस्टर का सत्यापन भी किया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद यादव जन चैपाल कार्यक्रम में महेशगंज पुलिस को बताया कि थाना क्षेत्र में ग्राम पंचायत गोगहर ऐसा गांव है जहां पर चार राजस्व गांव हैं और चारों गांव में कोई भी व्यक्ति हिस्ट्रीशीटर नहीं है और यह शांतिप्रिय गांव है। इस दौरान एसएसआई विवेक कुमार मिश्रा, बांकेलाल यादव, केशलाल मौर्या इंद्रपाल सरोज, रोशन लाल शर्मा, परमेश्वर यादव, धीरू सिंह, राजू सोनी दिनेश श्रीवास्तव, संदीप यादव, प्रभात सिंह, निखिल यादव, बाबू लाल यादव, रामदीन सरोज समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ता के निधन पर जताया गया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** तहसील के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं नगर के शिवपुरम निवासी सुनील कुमार तिवारी 46 के सोमवार को बीमारी के चलते आकस्मिक निधन पर साथी अधिवक्ताओं ने शोक जताया है। सुनील इन दिनों बीमार चल रहे थे। सोमवार को परिजन इलाज के लिए उन्हें लखनऊ एसपीजीआई ले जा रहे थे कि रास्ते मे ही उनका निधन हो गया। अधिवक्ता के निधन पर यहां परिजनों मे कोहराम मच गया। आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने युवा अधिवक्ता सुनील तिवारी के असमय निधन को विधिक सेवा के क्षेत्र में अपूर्णनीय रिक्तता कहा है। वहीं कुण्डा द बार एसोशिएसन के अध्यक्ष प्रेमचंद्र शुक्ल, महामंत्री प्रवीण मिश्र, वरिष्ठ अधिवक्ता हनुमान प्रसाद पाण्डेय, लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, अधिवक्ता अरविंद त्रिपाठी पंकज, वैभव पाण्डेय, कौशलेश पाण्डेय, श्रीकृष्ण शुक्ला, राजीव मिश्र, सोमनाथ मिश्र, श्याम पाण्डेय, केके यादव, श्रीकांत पाण्डेय आदि ने भी साथी अधिवक्ता सुनील के निधन पर गहरा दुख जताया है।

# महिला हिंसा के विरुद्ध साकेत गर्ल्स पीजी कालेज में हुई कार्यशाला

## दिल्ली से आए विषेषज्ञों ने छात्राओं को दिये टिप्स

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सेंटर फॉर लॉ जस्टिस एंड डेवलपमेंट, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली एवं न्याय विभाग, विधि एवं न्याय मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा विषय पर साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ एलायन्स क्लब इंटरनेशनल के डायरेक्टर रोशनलाल उमरवैश्य ने किया।

उन्होंने कहा कि महाविद्यालय प्रबन्धन को ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर कार्यशाला आयोजित करने के लिये सराहना की और उन्होने कहा कि यह अपने में महत्वपूर्ण है कि प्रदेश के 05 जिलों में आयोजित होने वाले इस कार्यशाला के लिए साकेत गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज को चयनित किया गया। नेशनल यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली से आये सिद्धार्थ गौतम, कु0 निकिता समरनाथ, कु0 सरब लांबा ने छात्राओं को महिलाओं के विरूद्ध हिंसा पर विधिक जानकारियाँ दी। उन्होने बताया कि भारत सरकार महिलाओं के अधिकारों के प्रति कितनी सजग है। उन्होने भारत सरकार की योजनाओं को विस्तार से समझाया। कु0 निकिता लांबा ने महिलाओं के विरूद्ध हिंसा से सम्बन्धित कानून और उनकी विस्तृत जानकारी दी, कु0 निकिता समरनाथ एवं श्री सिद्धांत गौतम ने कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया एवं महिलाओं के लिए उपलब्ध सरकारी संस्थानों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर बी0ए0 द्वितीय वर्ष की छात्रा कु0 अनुराधा रानी गुप्ता ने ऑल इण्डिया यूनिवर्सिटी टीम में लॉग जम्प विधा में चयनित किये जाने पर मुख्य अतिथि श्री रोशन लाल उमरवैश्य द्वारा पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत साई वन्दना, सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आये हुए आगन्तुकों के प्रति आभार महाविद्यालय के प्रबन्धक श्री अरविन्द श्रीवास्तव द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनन्त प्रकाश शुक्ला एवं कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनों इकाईयों के कार्यक्रमाधिकारी अजमत अली, राहुल मिश्रा एवं डॉ0 सरिता सिंहं द्वारा किया गया।



दिल्ली से आए विशेषज्ञ को सम्मानित करते प्रबंधक व प्राचार्या।

# मोटर साइकिल चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार

## कब्जे से चोरी की चार मोटर साइकिल बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना फतनपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र फतनपुर के कैलीडीह मोड़ के पास से दो व्यक्तियों कृष्ण कुमार सरोज उर्फ गामा व विजयकान्त यादव उर्फ नेता को चोरी की एक अदद हीरो सुपर स्प्लेण्डर मोटर साइकिल; गलत नम्बर अंकित है के साथ गिरफ्तार किया गया व गिरफ्तार अभियुक्तों की निशादेही पर उनके घरों से चोरी की तीन और मोटर साइकिलें बरामद की गईं।

अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया गया कि हम लोगों का मोटर साइकिल चोरी करने का एक गिरोह है। हम दोनों व हमारे अन्य दो साथी मिलकर भीड़ भाड़ वाले स्थानों से मोटर साइकिल चोरी कर लेते हैं फिर उनका नम्बर प्लेट बदलकर सस्ते दामों में बेंचकर पैसे को आपस में बांट लेते हैं व उसी से अपना जीवन यापन करते हैं। पकडे.गये अभियुक्तों में कृष्ण कुमार सरोज उर्फ गामा पुत्र जंगबहादुर सरोज निवासी पूरे गोसाई घूरीपुर थाना फतनपुर व विजयकान्त यादव उर्फ नेता पुत्र लालता प्रसाद यादव निवासी स्वरूपपुर नौडेरा थाना फतनपुर शामिल हैं।

## 25 हजार का इनामिया अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना कोहड़ौर के प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार शुक्ला मय टीम व थाना रानीगंज के उ0नि0 अवनीश सिंह मय टीम द्वारा संयुक्त रूप से चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र रानीगंज के शिवगढ़ ब्लाक जाने वाले तिराहा के पास से थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 668/2022 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार रुपए का इनामिया अभियुक्त हलीम अली उर्फ हलीम उर्फ अली को एक अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।

# 123वीं जयंती पर याद किये गये शहीद उद्यम सिंह

## समन्वय सेवा संस्थान द्वारा आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** समन्वय सेवा संस्थान द्वारा आयोजित शहीद उधम सिंह की 123वीं जयंती पर जनपदवासियों ने उन्हें याद कर अपनी श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया गया। शहर में स्थित सम्राट अशोक महान पुस्तकालय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ पूज्य भन्ते अश्वजित द्वारा त्रिशरण व पंचशील से किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पुस्तकालयाध्यक्ष बसन्त लाल मौर्य कहा कि शहीद उधम सिंह का जन्म दिसंबर 1899 में पंजाब के संगरुर जिले के सुनाम गांव में हुआ था। उधम सिंह का बचपन गुरुद्वारा में ही बीता ,जहाँ उधम सिंह को शेर सिंह कह के पुकारा जाता था। वहीं रहकर इन्होंने प्राथमिक शिक्षा ग्रहण किया। उनका इरादा आगे भी पढ़ाई करने का था। लेकिन देश की आजादी के लिए चलाए जा रहे आंदोलन में ये कूद पड़े। आजादी की लड़ाई में शामिल होने के लिए ये गदर पार्टी में शामिल हो गए। अच्छे वक्ता होने के कारण ये पंजाब के साथ ही पूरे देश में लोकप्रिय हो गए। इसी बीच तीन अप्रैल 1919 में जलियावाला बाग में अंग्रेजों ने स्वतंत्रता सेनानियों को गोलियां बसरा दिया था। जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए थे तथा उधम सिंह की गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। इस घटना के बाद उधम सिंह ने लंदन में 17 मार्च 1940 को जालिया बाग में गोली चलवाने वाले जनरल डायर को मौत के घाट उतार दिया। वक्ताओं ने कहा कि शहीदे आजम उधम सिंह ने देश की आजादी के लिए बेमिसाल कुबार्नी पेश किया। उनके बताए रास्ते पर चल कर ही देश मजबूत बनेगा। संचालन व संयोजन राकेश कन्नौजिया ने के इस अवसर पर आचार्य उमेश चन्द्र, वेद प्रकाश, दिनेश कुमार, सी0पी0 राव, निशान्त मौर्य, सुरेंद्र प्रताप, अनिल बौद्ध, चन्द्र केश आदि उपस्थित रहे।



शहीद उद्वम सिंह के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते अतिथिगण।

# रास्ता अवरूद्ध करने को लेकर एसडीएम से शिकायत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सहन दरवाजे पर विपक्षियो द्वारा जबरिया दीवार का निर्माण कराकर रास्ता अवरूद्ध किये जाने को लेकर पीडित ने एसडीएम से इंसाफ की फरियाद की है। लालगंज कोतवाली के हरसहाय का पुरवा लालूपुर निवासी भाईलाल सरोज ने एसडीएम को सोमवार को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र मे कहा है कि विपक्षियो ने उसके दरवाजे पर दीवार बनाकर रास्ता अवरूद्ध कर लिया है। विरोध करने पर विपक्षी गाली देते हुए मारपीट की धमकी दे रहे है। एसडीएम सौम्य मिश्र ने राजस्व एवं पुलिस टीम को मौके पर पहुंचकर समस्या के समाधान कराए जाने के निर्देश दिये हैं।

# डीएम व सांसद के निर्देश के बावजूद नहीं बन रहा संडारी का लिंक मार्ग

## लोक निर्माण विभाग-2 को नहीं है निदर्शो की परवाह

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सदर क्षेत्र के शहर के भंगवा से खजुरी सड़क मार्ग से संडारी गांव का लगभग डेढ़ किमी का लिंक मार्ग वर्षो से जीर्ण-षीर्ण अवस्था में है जिससे संडारी गांव के लोगों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हे। यह व्यवस्था ग्रामीणों ने सांसद संगम लाल गुप्ता को उनके प्रचार के दौरान बताई थी जिस पर सांसद ने जल्द से जल्द यह लिंक मार्ग बनवाने का आष्वासन दिया था।

उन्होंने लोक निर्माण विभाग से सम्पर्क भी किया लेकिन जब सड़क नहीं बनी तो सांसद ने 23 अगस्त को जिलाधिकारी को पत्र लिखकर उक्त सडारी गांव का लिंक मार्ग बनाने का आग्रह किया जिस पर जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने 24 अगस्त को अधिषाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग-2 को निर्देषित किया कि इस पर कार्यवाही कर उन्हें अवगत कराया जाए लेकिन जिलाधिकारी के निर्देष के चार माह बाद भी संडारी गांव का उक्त लिंक मार्ग का निर्माण कार्य अभी तक नहीं शुरू हो सका है। एक तरह प्रदेष के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गांव की दषा सुधारने के लिये सड़क मार्ग के निर्माण को प्राथमिकता दे रहे हैं लेकिन संड़ारी ग्राम सभा के लोगों को आष्चर्य है कि आखिर सांसद व जिलाधिकारी के निदेषों की क्यों अनदेखी की जा रही है। इस सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग खण्ड-2 से भी सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन कोई सक्षम अधिकारी उपलब्ध नहीं हो सका। बता दें कि संडारी ग्राम सभा का लिंक मार्ग लोक निर्माण विभाग ने कई वर्ष पहले बनाया था जो जीर्ण शीर्ण अवस्था में हो गया है। इससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेषानी हो रही है, फिर भी विभाग मौन है।

# आखिर पुलिस ने खुद को बचाते हुए ठेकेदार पर लिखाई रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आखिर पुलिस की नजरो में वायरल वीडियो व ऑडियो झूठा हो ही गया।खुद पर लगे आरोपो से बाहर निकल कर एक नामजद ठेकेदार समेत चार पर काटे गए हरे शीशम के पेड़ो के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के इस कारनामे की क्षेत्र में जोरो पर चर्चा है। स्थानीय कोतवाली के उधरनपुर के मढ़ना नार पर बीते 17 दिसंबर को ग्राम सभा की भूमि पर स्थित छह हरे शीशम के पेड़ो को काट डाला गया। ग्रामीणों ने पूरे प्रकरण का वीडियो बनाकर पुलिस की मौजूदगी में हरे पेड़ों को काटे जाने का आरोप लगाकर वीडियो को वायरल कर दिया।

# मौखिक पश्नोत्तरी में अंशुमान मिश्रा रहे अव्वल

## एमडीपीजी कालेज में वीर बाल दिवस का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में आज राष्ट्रीय सेवा योजना की महिला एवं पुरुष इकाई द्वारा संयुक्त रूप से सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह महाराज के साहिब जादो की स्मृति में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम विशेष रूप से गुरु गोविंद सिंह के छोटे पुत्रों साहिबजादा जोरावर सिंह और फतेह सिंह द्वारा क्रमशः 9 साल और 6 साल की छोटी उम्र में सिख पंथ की गरिमा और सम्मान की रक्षा हेतु 26 दिसंबर 1705 को उनके द्वारा किए गए सर्वोच्च और अप्रतिम बलिदान की स्मृति में आज महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में सर्वप्रथम मौखिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान बीए प्रथम वर्ष के छात्र अंशुमान मिश्रा, द्वितीय स्थान पर संयुक्त रूप से शिवा श्रीवास्तव, साहिल विश्वकर्मा, अंशिका मिश्रा, तृतीय स्थान पर मोहित कुमार तिवारी ससांग यादव एवं शिखा शुक्ला को प्रदान किया गया। इसी क्रम में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान शांभवी सिंह बीएससी तृतीय वर्ष द्वितीय स्थान अंजली मिश्रा तृतीय स्थान संयुक्त रूप से वंशिका सिंह एवं साहिल विश्वकर्मा को प्राप्त हुआ इसके अतिरिक्त भाषण प्रतियोगिता में कलश श्रीवास्तव एवं चांदनी पाल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया अगले प्रतियोगिता के क्रम में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया उसमें प्रथम स्थान शांभवी सिंह एवं आकांक्षा सिंह को संयुक्त रूप से दिया गया द्वितीय स्थान अंशिका मिश्रा तृतीय स्थान आदर्श कुमार को मिला इस प्रतियोगिता में राहुल कुमार,महिमा मिश्रा सांत्वना पुरस्कार दिया गया इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य प्रोफेसर डॉ मनोज मिश्रा,एवं महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी प्रो अमिता मिश्रा एवं पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ शैलेश कुमार पांडे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बीएससी थर्ड ईयर की छात्रा शांभवी सिंह एवं बीएड प्रशिक्षु शिक्षक संतोष कुमार पटेल द्वारा किया गया।



एमडीपीजी कालेज में वीर बाल दिवस के मौके पर मौजूद अतिथिगण।

# धूमधाम से मनाया गया महाराजा बिजली पासी का जन्म दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**कटरा गुलाब सिंह, प्रतापगढ़।** नगर पंचायत कटरा गुलाब सिंह के अंतर्गत सराय भूपत में आज महाराजा बिजली पासी का जन्म दिवस विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल की उपस्थिति में मनाया गया, जिसमें आसपास के तमाम लोग महाराजा बिजली पासी के इतिहास को सुनने व जानने के लिए उपस्थित रहे। अपना दल यस के पदाधिकारियों व वक्ताओं द्वारा रखे गए विचारों की करतल ध्वनि से लोगों ने सराहना किया। इस मौके पर अपना दल यस के दक्षिणी जोन प्रभारी राम आसरे पटेल, जिला सचिव विजय पटेल, सेक्टर प्रभारी सुरेश बहादुर पटेल, प्रेम वर्मा, विजय पटेल, ओम प्रकाश पटेल बाबूपुर, सुरेंद्र सरोज, रोहित यादव, मनोज पाल, संजय सरोज सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



बिजली पासी के चित्र पर माल्यार्पण करते विधायक जीतलाल पटेल।

# लोहे की पाइप से लदी ओवरलोड मैजिक धरायी, पुलिस के हवाले

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सांगीपुर थाना क्षेत्र के सोमवार को ओवरलोड लोहे की पाइप से लदी मैजिक को सचल दल ने धर दबोचा। घुइसरनाथ बाजार में एक मैजिक पर लगभग एक टन ओवरलोड लोहे की पाइप कहीं जा रही थी। इस बीच अचानक विजिलेंस सचल दल की नजर ओवरलोड मैजिक पर पड़ गयी। टीम ने मैजिक रूकवाया और चालक से पाइप के कागजात मांगे तो वह उसे नहीं दिखा सका। इस पर सचल दल मैजिक समेत लोहे की पाइप लेकर सांगीपुर थाने पहुंची। विभाग ने सांगीपुर पुलिस को मैजिक व पाइप हवाले करते हुए विधिक कार्रवाई के लिए लिखित शिकायत सौपी है। सांगीपुर एसओ जितेन्द्र सिंह का कहना है कि विभाग की शिकायत पर कार्रवाई की जाएगी।

# कौशाम्बी संदेश

## खबर संक्षेप

### फसल अवशेष नष्ट करने की ट्रेनिंग के लिए किसानों का दल रवाना

**कौशाम्बी।** खेतों की फसलों के अवशेष को कैसे नष्ट करना है जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहे प्रदूषण भी ना बढ़े इसी उद्देश्य से कृषि विभाग के सौजन्य से कौशांबी जिले के 40 किसानों का दल ट्रेनिंग के लिए लखनऊ भेजा गया है रविवार को 40 किसानों का दल फसल अवशेष नष्ट करने के प्रशिक्षण जानकारी लेने के लिए लखनऊ रवाना हो चुका है जहां उन्हें ट्रेनिंग के माध्यम से वैज्ञानिकों द्वारा जानकारी दी जाएगी जिससे खेतों की गुणवत्ता भी बनी रह जाए और फसलों के अवशेष को किसानों द्वारा नष्ट कर दिया जाए जिससे पर्यावरण प्रदूषण का खतरा भी ना बने विभिन्न प्रकार की उपकरण की भी जानकारी ट्रेनिंग के माध्यम से किसानों को दी जाएगी।

# दो बालिका एक युवक को बरामद कर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

## अभियुक्त पर बालिकाओं से रेप का आरोप 4 लाख रुपए से अधिक की रकम और बाइक के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी युवक



पुलिस हिरासत में गिरफ्तार गंभीर अपराध का आरोपी

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के टेवा गांव से दो बालिकाएं और एक युवक अपहरण कर लिए गए थे मामले में मंझनपुर कोतवाली में गंभीर धाराओं में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की गिरफ्तारी का दबाव बनाया जिस पर टेवा पुलिस चौकी इंचार्ज अरुण कुमार मौर्या ने पुलिस टीम के साथ बिहार प्रांत के मधुबनी जिले के बरकोर थाना लौकहा के रहने वाले इस्माइल पुत्र मोहम्मद अलाउद्दीन मियां को 4 लाख 22 हजार रुपए नगद एवं मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने दोनों बालिकाओं और युवक अजय श्रीवास्तव पुत्र राम प्रसाद श्रीवास्तव को सकुशल बरामद कर लिया है पकड़े गए अभियुक्त की जामा तलाशी में एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है बरामद बालिकाओं ने बताया कि युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ लिखा पढ़ी करके उसे अदालत में पेश कर दिया है।

## 15 हजार रुपए के दो इनामिया अभियुक्त को करारी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** करारी थाना पुलिस ने पन्द्रह पन्द्रह हजार रुपए के इनामिया दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है इनामिया अभियुक्तों की लंबे समय से पुलिस तलाश कर रही थी लेकिन पुलिस को चकमा देकर आरोपी फरार थे जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध लिखा पढ़ी कर पुलिस ने अदालत में पेश कर दिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अदालती पुत्र संतोष निवासी ओसा कोतवाली मंझनपुर लंबे समय से पशु तस्करी के व्यवसाय में लिप्त था आरोपी पर पूर्व से मुकदमे दर्ज थे लेकिन वह फरार चल रहा था जिस पर पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था आरोपी को करारी पुलिस ने हिसामपुर तिराहा से गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया है। गंभीर अपराध में नामजद अभियुक्त गुड्डू निवासी रहीमपुर मौलानी लंबे समय से पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा था पुलिस अधीक्षक ने गुड्डू की गिरफ्तारी पर 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था बीती रात करारी थाना पुलिस ने उखैया खास तिराहे से घेराबंदी कर इनानिया गुड्डू को गिरफ्तार कर लिया है पकड़े गए इनामियां के पास से पुलिस ने अवैध तमंचा कारतूस बरामद कर उसे अदालत में पेश कर दिया है।

## न्यूज झरोखा

### 3 वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष को दी बधाई



**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष पद पर अनीता त्रिपाठी को 3 वर्ष पूरा होने पर शनिवार को बड़ी संख्या में पहुंचे पार्टी कार्यकताओं ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस मौके पर कार्यकताओं ने उन्हें एक कुशल संगठनकर्ता और पार्टी कार्यकताओं के बीच में लोकप्रिय कार्यकताओं के लिए संघर्ष करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर पहुंचे जिला उपाध्यक्ष चक्रेश मिश्रा ने कहा कि उनके जिलाध्यक्ष बनने के बाद से ही संगठन ने तेजी से गांव-गांव में मजबूती से काम किया है। यह उनके व्यक्तित्व की खूबी रही है कि उन्होंने कार्यकताओं की समस्याओं के लिए संघर्ष किया है इससे आज जिले का कार्यकर्ता उनके कार्यकाल की प्रशंसा करता हुआ दिखाई देता है। उन्होंने बताया कि इसके पहले अनीता त्रिपाठी संगठन में काशी क्षेत्र की महिला मोर्चा की अध्यक्ष क्षेत्रीय अध्यक्ष व जिले में भाजपा की उपाध्यक्ष भी रह चुकी हैं। इस मौके पर प्रमुख रूप से बेद प्रकाश पाण्डेय जिला उपाध्यक्ष चक्रेश मिश्रा, सराय अकिल नगर पंचायत की सुशीला सिंह पत्नी विष्णु प्रभाकर सिंह, हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष अवधेश नारायण शुक्ला आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मेहंदी रंगोली कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

#### एसएसएस इं.का.अदॉवा में खेल उत्सव का किया गया आयोजन



**टेढ़ीमोड कौशाम्बी।** एसएसएस इंटरमीडिएट कॉलेज अदॉवा सिराथू में खेल उत्सव का आयोजन सोमवार को किया गया विद्यालय द्वारा आयोजित खेल उत्सव का उद्घाटन एसएसए कॉलेज के प्रबंधक इसरार अहमद द्वारा किया गया सोमवार को विद्यालय में प्रिंसिपल और सभी टीचर्स की निगरानी में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमे बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया खेल को खेल भावना से खेला और इसके अलावा मेंहदी प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित हुई जिसमे कॉलेज की लड़कियों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मेंहदी प्रतियोगिता में सगुफ्ता , साफिया अंजलि प्रिया आदि लड़कियों ने बेहतरीन मेहंदी की डिजाइन बनाई रंगोली प्रतियोगिता में नव्या रन्नो सायना सोनम आदि लड़कियों ने बेहतरीन रंगोली बनाई रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिता में बेहतरीन रंगोली और मेहंदी की चित्रकारी देखकर लोगों ने बालिकाओं की तारीफ की कबड्डी प्रतियोगिता में क्लास 10 के बच्चो ने रितेश कौशल प्रशांत आदि बच्चो ने क्लास 11 के बच्चो को हराकर कबड्डी की फाइनल प्रतियोगिता जीती विजई खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया क्या है।

### अक्टूबर तथा नवंबर का पुष्टाहार आंगनबाड़ी द्वारा कराया जायेगा उपलब्ध

**कौशाम्बी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश कुमार गुप्ता ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जनपद में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों के लाभार्थियों यथा- 6 माह से 6 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को मासिक रूप से अनुपूरक पुष्टाहार उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों को माह दिसंबर 2022 में माह अक्टूबर 2022 तथा माह नवंबर 2022 का अनुपूरक पुष्टाहार आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

# तालाब में डूबने से मासूम बच्ची की हुई मौत

## घर की इकलौती पुत्री की मौत से परिवार में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा कनवार के मजरे अड़ारपर में घर के पास खेल रही एक मासूम बच्ची की तालाब में डूबने से मौत हो गयी है परिजनों ने पुलिस को तहरीर दी है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा कनवार के ग्राम पंचायत भवन के पास दिलीप सरोज रहते हैं उनके घर के पास में ही तालाब है सोमवार की सुबह खेलने के दौरान दिलीप सरोज की मासूम बच्ची जानवी डेढ़ वर्ष खेलते खेलते तालाब में चली गयी जब काफी देर तक मासूम नही दिखी तो परिजन उसकी तलाश करने लगें इसी बीच किसी ने तालाब में बच्ची को देख लिया बच्ची को तालाब से बाहर निकाला गया तालाब से बच्ची को निकालने के बाद मासूम बच्ची को इलाज के लिए परिजन अस्पताल ले जा रहे थे किंतु रास्ते मे मासूम बच्ची की मौत हो गयी दादा राम जियावन सहित सभी परिजन मासूम की मासूमियत को याद कर बिलख रहे हैं, पूरा परिवार गम के माहौल में डूबे हुए हैं।मासूम अपने घर की इकलौती संतान थी पिता दिलीप सरोज रोजी रोटी के सिलसिले में दूसरे प्रदेश में नौकरी करते है मासूम बच्ची के बाबा रामजियावन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नातिन खेलते समय तालाब में डूब गयी है उन्होंने वैधानिक कार्रवाई का अनुरोध किया है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



बच्ची की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन

## बालिका समेत परिजनों को दबंगों ने पीटकर किया अधमरा

### थाना पुलिस से न्याय ना मिलने पर एसपी की चौखट पर पहुंची पीड़ित बालिका

**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के जुगराजपुर ग्राम में 24 दिसंबर की शाम नाली के पानी के बहाव के विवाद को लेकर दबंग सिद्धार्थ पांडे गौरव पांडे भोली पांडे उमा पांडे प्रियंका पांडे आदि लोगों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडा कुल्हाड़ी लेकर एक बालिका पर के घर में घुसकर उसे जमकर पीटा है बालिका के शोर-शराबा सुनकर उसके चाची और परिवार के अन्य लोग बीच-बचाव करने पहुंचे जिस पर आक्रोशित दबंगों ने बालिका के परिजनों को भी लाठियों से पीट दिया है जिससे परिवार के लोग भी चोटिल हो गए हैं बालिका का आरोप है कि दबंग उसकी इज्जत लूटना चाहते थे उसकी साड़ी खोल दी है ब्लाउज फाड़ कर फेंक दिया है लेकिन परिवार के अन्य लोगों के आ जाने से उसकी इज्जत तार-तार होने से बच गई है मामले की शिकायत पीड़ित बालिका ने थाना सराय अकिल पुलिस से किया लेकिन थाना पुलिस से पीड़ित बालिका को न्याय नहीं मिल सका जिस पर न्याय पाने की उम्मीद से पीड़ित बालिका पुलिस अधीक्षक के कार्यालय पहुंची है और तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा कर गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है।

## जिद्द के आगे बर्बाद हो रहा दांपत्य जीवन युवक परेशान

**बेरूवा कौशाम्बी।** कभी-कभी परिवार की जिद्द भी किसी का जीवन बर्बाद करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है इसी तरह का एक मामला इन दिनों चरवा थाना क्षेत्र के जीत के पूरा का सामने आया है जहां चरवा थाना क्षेत्र के जीत का पूरा गांव निवासी निर्भय कुमार पुत्र रामबली की शादी सराय अकिल थाना क्षेत्र के बसुहार गांव निवासी सुमन देवी पुत्री तिलक नारायण के साथ हिंदू रीति रिवाज से संपन्न हुई थी निर्भय कुमार और सुमन देवी का दांपत्य जीवन ठीक-ठाक चल रहा था लेकिन मामूली हलचल के बाद दोनों के जीवन में तूफान आ गया है कुछ महीने पहले ससुराल छोड़कर सुमन अपने मायके बसुहार चली गई मायके जाने के बाद सुमन ने भी इस बात का एहसास किया कि ससुराल में सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था उसे ससुराल छोड़कर नहीं आना चाहिए उसके पति निर्भय ने भी अपनी भूल स्वीकार की दोनों फिर नए तरीके से दांपत्य जीवन जीना चाहते हैं लेकिन दोनों के दांपत्य जीवन के बीच परिवार की प्रतिष्ठा आड़े आ गई है दामाद को सबक सिखाने की बालिका के परिजनों ने ठान ली है और जिस दामाद के पैर की पूजा कर उसे बेटी सौंपी थी अब उसी दामाद को अपमानित कर बालिका के परिजन अपनी प्रतिष्ठा बनाना चाहते हैं बालिका के पिता माता चाचा और भाई अपनी जिद पर अड़े हैं वह बेटी को ससुराल भेजने को तैयार नहीं है युवक कई बार अपनी ससुराल बसुहार जाकर पत्नी को भेजने की मिन्नत कर चुका है लेकिन उसकी बातों पर विचार करने के बजाय ससुराली जनों द्वारा उसके साथ गाली गलौज अभद्रता कर उसे मारपीट की धमकी देकर वापस कर दिया जाता है जिससे पीड़ित निर्भय कुमार ने थाना पुलिस की मदद ली है लेकिन मामला पति पत्नी के बीच के विवाद का है जिससे इस मामले में पुलिस भी विवश दिखाई पड़ रही है दोनों परिवारों ने सोच समझकर गंभीरतापूर्वक निर्णय नहीं लिया तो निर्भय कुमार और सुमन देवी का हंसता खेलता दांपत्य जीवन बर्बाद होने में देर नहीं लगेगी।

# भारत जोड़ो यात्रा पर दर्जा प्राप्त मंत्री ने की चर्चा

## जगह जगह पर कार्यकताओं ने किया जोरदार स्वागत

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कांग्रेस पार्टी के भारत जोड़ो यात्रा अभियान को लेकर दर्जा प्राप्त मंत्री राजेश तिवारी ने पार्टी संगठन के पदाधिकारियों कार्यकताओं से औपचारिक मुलाकात करते हुए संगठन के विषय पर विस्तार से चर्चा की दर्जा प्राप्त मंत्री के भ्रमण की जानकारी मिलते ही कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकताओं ने उनके काफिले को रोककर जगह-जगह पर उनका स्वागत किया सबसे पहले चायल तहसील क्षेत्र के कसेन्दा के पास उनका स्वागत किया गया उसके बाद मंझनपुर कस्बे के अजाहर प्लाजा में एकत्रित कांग्रेसियों ने स्वागत किया समदा चौराहे पर भी कांग्रेसियों ने उनका जोरदार स्वागत किया इसके अलावा भी जिले के कई अन्य क्षेत्रों में भी दर्जा प्राप्त मंत्री का कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया इस दौरान दर्जा प्राप्त मंत्री ने कांग्रेस कार्यकताओं पदाधिकारियों से कहा कि राहुल गांधी द्वारा शुरू की गई भारत जोड़ो यात्रा अभियान को आगे बढ़ाना है और कांग्रेस संगठन को मजबूती के साथ खड़ा करना होगा। इस मुलाकात के दौरान दर्जा प्राप्त मंत्री की कांग्रेस नेताओं से भारत जोड़ो यात्रा को लेकर भी चचाएं हुई जिसमें कांग्रेस के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रामयज्ञ द्विवेदी द्वारा सभी कांग्रेस कार्यकताओं को भारत जोड़ो यात्रा शुरू करने के लिए आदेशित किया गया उन्होंने कहा कि एकता बनाकर सभी लोग कांग्रेस को नई ऊर्जा प्राप्त कराएं इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू मिश्रा रजनीश पांडे शमीम आलम रवि प्रकाश रावेन्द्र महामंत्री बरसाती लाल पंडा मनोज पटेल राजकुमार नाथन यादव आदि लोगों ने संगठन पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया मुलाकात के दौरान पार्टी संगठन पर मंत्री ने बात की और भारत जोरों पर विस्तार से चर्चा की है।



दर्जा प्राप्त मंत्री से वार्ता करते कांग्रेसी नेता

## थानेदार ने दी गुंडा एक्ट की रिपोर्ट डीएम ने किया गुंडा मुक्त फिर शुरू हुई गुंडई

### सत्ता के संरक्षण में पल रहे चर्चित डॉक्टर उनके परिजनों ने फिर ब्यवसाई परिवार पर किया प्राणघातक हमला

### घायलों का मुकदमा दर्ज करने के बजाय घायलों पर ही हमलावरों की तहरीर पर थाना पुलिस ने दर्ज कर दिया मुकदमा

**कौशाम्बी।** सराय अकिल कस्बे में चर्चित डॉक्टर विकास सिंह पुत्र भीष्म सिंह के बढ़ते आतंक अत्याचार और समाज विरोधी गतिविधियों के बाद सराय अकिल थाना पुलिस ने उनके विरुद्ध गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित की थी लेकिन जिलाधिकारी की अदालत ने गुंडा नियंत्रण अधिनियम के मुकदमे को 22 जून 2022 को इस शर्त के साथ निस्तारित कर दिया कि डॉक्टर विकास सिंह 6 माह तक प्रत्येक माह दो बार स्थानीय थाना में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे जिला अधिकारी की अदालत से गुंडा नियंत्रण अधिनियम के मुकदमे का निस्तारण होने के बाद डॉक्टर विकास सिंह और उनके गुर्गे फिर गुंडई पर खुलेआम उतारू है लोगों के साथ मारपीट करना उनकी संपत्तियों को छीन लेना गुंडई कर दहशत कायम करना इनकी दिनचर्या में शामिल है 3 दिन पहले फिर इन्होंने दीपक जायसवाल और उनके परिजनों पर प्राणघातक हमला किया है खुलेआम दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया है गुंडा नियंत्रण अधिनियम के मुकदमे से राहत पाने वाले डॉक्टर विकास सिंह और उनके गुर्गो के हमले से कई लोग खून से लहूलुहान हो गए हैं लेकिन मामले में मुकदमा दर्ज कर गुंडे प्रवित्ति के विकास सिंह उनके गुर्गो और उनके परिजनों की गिरफ्तारी करने के बजाय पुलिस ने घायल दीपक सिंह के परिजनों पर ही गुंडे प्रवृति के डॉक्टर विकास सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है जिसकी जांच कराकर थानेदार के साठ गांठ को उजागर किए जाने की जरूरत है सत्ता पक्ष के कुछ लोग हमलावरों का लगातार साथ दे कर उनसे धन अर्जित कर रहे हैं। समाज विरोधी कार्यों में लिप्त रहकर कुछ वर्षो के बीच डॉक्टर परिवार ने अकूत संपत्ति अर्जित की है लेकिन योगी सरकार में डॉक्टर की काली कमाई की अभी तक अधिकारियों ने जाँच करा कर संपत्ति जब्त नही की है डॉ विकास सिंह और उनके पिता भीष्म सिंह द्वारा काली कमाई से अर्जित की गई अकूत संपत्ति की जांच कराए जाने की जरूरत है और गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धारा 14 ए के अंतर्गत संपत्ति को कुर्क किए जाने की जरूरत है।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर समाजसेवी ने अर्पित की श्रद्धांजलि

## असंख्य कार्यकताओं के प्रेरणा स्रोत पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी को युगों युगों तक याद रखेगी हिंदुस्तान की जनता

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नं 8 निवासी प्रदीप साहू ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया है इस अवसर पर समाजसेवी प्रदीप साहू ने भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेयी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके योगदान को याद करते हुए अपने विचार साझा किए हैं नगर पंचायत अझुवा भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष पद के संभावित दावेदार महिला प्रत्यासी प्रीति साहू के पति प्रदीप साहू ने कहा असंख्य कार्यकताओं के प्रेरणा स्रोत पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेयी को हिंदुस्तान की जनता युगों युगों तक याद रखेगी उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के रूप में देश के सामने गरीब कल्याण,शासन प्रशासन की व्यवस्था,शुचिता व पारदर्शिता के मानक हों या भारत को परमाणु सम्पन्न बनाने व बुनियादी ढांचे की विकास की कार्ययोजना अटल जी ने अपने कार्यकाल में इन्हें प्रभावी ढंग से रखकर करोड़ों लोगों के जीवन मे व्यापक परिवर्तन लाया था। इस श्रद्धाजंलि सभा मे होरीलाल साहू,आशुतोष सिंह,बच्चा खराद, दिलीप साहू सहित राजकुमार विश्वकर्मा सरवन साहू ओमप्रकाश साहू कंचन अग्रहरी अतुल तिवारी मयंक कुमार सोमदत्त गया प्रसाद विश्वकर्मा विवेक अग्रहरी राजू अग्रहरी मुन्ना गुप्ता अंतिम अग्रहरी सहित तमाम लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित किया है।



अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन मनाते भाजपा नेता

# मोहब्बतपुर पैसा कोतवाल के प्रतिदिन पैदल गस्त करने से इलाके में मची अफरा-तफरी

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सिराथू सर्किल क्षेत्र के मोहब्बतपुर पैसा कोतवाली का चार्ज जैसे ही पुलिस कप्तान ने विनोद कुमार सिंह कोतवाल को सौंपा है उन्होंने कोतवाली क्षेत्र में प्रतिदिन पैदल भ्रमण कर क्षेत्र की स्थितियों का जायजा लेना शुरू कर दिया है पैदल गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की चेकिंग उनके द्वारा तेजी से की जा रही है जिससे अराजक तत्वों में खलबली मच गई है 24 दिसंबर को मोहब्बतपुर पाइंसा कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने चौकी प्रभारी अफजलपुर वारी एवं चौकी प्रभारी उद्दीन उप निरीक्षक और हमराही पुलिस बल के साथ कस्बा उद्दिन एवं अफजलपुर वारी में पैदल गस्त कर यातायात व्यवस्था शांति व्यवस्था कायम करने के प्रयास किए हैं इसके साथ-साथ उन्होंने दोपहिया वाहन चार पहिया वाहन की चेकिंग की तथा बिना हेलमेट तीन सवारी तेज रफ्तार से गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों के वाहनों का चालान कर यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराया है सड़क के किनारे अतिक्रमण करने वालों को हिदायत देकर अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया और आम जनमानस के व्यक्तियों से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का अहसास कराया है। पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर 25 दिसंबर को भी कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने पुलिस हमराहियों के साथ मोहब्बतपुर पैसा थाना क्षेत्र के बाजार में पैदल गस्त कर वाहनों की चेकिंग की चेकिंग के दौरान उन्होंने आम जनमानस से बातचीत कर सुरक्षा का एहसास कराया 26 दिसंबर को भी पैदल गश्त के दौरान कोतवाल ने अफजलपुर वारी एवं उद्दिन चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक और पुलिस टीम को लेकर इलाके के अफजलपुर वारी और उद्दिन कस्बा में पैदल भ्रमण किया पैदल गश्त के दौरान उन्होंने यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहनों को चेक किया बिना हेलमेट तीन सवारी तेज चलने वाले वाहन चालकों का एमबी एक्ट में चालान किया एवं सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों को अतिक्रमण हटाने के निर्देश देते हुए आम जनमानस से बातचीत कर उन्हें सुरक्षा का अहसास कराया बैंक ऑफ बड़ौदा अफजलपुर वारी में मौजूद ग्राहकों को पुलिस टीम ने चेक किया और ग्राहकों को भी सुरक्षा का भरोसा दिलाया है इसके बाद उन्होंने अफजलपुर वारी पुलिस चौकी के लिए आवंटित भूमि का निरीक्षण किया।




पैदल गश्त के दौरान बैंक की चेकिंग करती पुलिस

## वृद्धाश्रम में कैम्प लगाकर नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा कलेक्ट्रेट में जनपद स्तर पर वृद्धाश्रम के नवीनीकरण एवं संचालन के गठित समिति की बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को नियमित रूप से वृद्धाश्रम में कैम्प लगाकर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश दिये। उन्होनें समस्त खण्ड विकास अधिकारियों, अधिशाषी अधिकारियों थानाध्यक्ष उप जिलाधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी (स0क0) को शीतकाल के दृष्टिगत पात्र वृद्धजनों का चिन्हॉकन कराते हुये वृद्धाश्रम में आवासित कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने प्रबन्धक, वृद्धाश्रम आलोक राय को आवासित वृद्धजनों के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप पटेल सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी गण उपस्थित रहें।

# कांस्य मेडल जीते लाल का हुआ जोरदार स्वागत

## पूर्व सैनिक कल्याण समित द्वारा बड़े धूम धाम से तुर्की देश में भारत की तरफ से बॉक्सिंग खेले संदीप यादव को कृष्ण चंद गुप्ता ने अंग वस्त्र एवं माला पहना कर किया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**तिल्हापुर कौशांबी।** जिला मुख्यालय ओसा चौराहे के पास सैनिक कल्याण पुनर्वास मंझनपुर में सोमवार को सोल्जर बोर्ड अधिकारी के निर्देश पर पूर्व सैनिक कल्याण समित के द्वारा बड़े धूम धाम से तुर्की देश में भारत की तरफ से बॉक्सिंग खेले संदीप यादव पुत्र सीताराम यादव का जोर दार स्वागत समारोह आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दशरथ लाल करवरिया ने किया और भारत देश का नाम रोशन करने वाले बॉक्सर को कृष्ण चंद गुप्ता ने अंग वस्त्र एवं माला पहना कर सम्मानित किया साथ ही कौशांबी के सभी पूर्व सैनिकों ने कौशांबी के लाल का माला फूल से स्वागत करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया और कहा कि हम सब लोग आप के साथ है आप अपनी मेहनत से कौशांबी ही नही बल्कि पूरे देश का नाम ऊंचा किया है भारत का तिरंगा तुर्की में लहराया है आप को भारत देश की 135 करोड़ जनता आशीर्वाद प्रदान करती है संदीप यादव महाराष्ट्र स्टेट लेबल एवं नेशनल लेवल की बोक्सिंग में दो गोल्ड मेडल ,एक सिल्वर मेडल,एक ब्रान मेडल हासिल किया था उसके बाद नेशनल लेवल की बोक्सिंग गुजरात स्टेट के अहमदाबाद में आयोजित हुई जिसमे संदीप कुमार यादव ने गोल्ड मेडल हासिल किया भारत देश ने अपने होनहार बोक्सर को विदेश तुर्की देश के इटालिया में आयोजित 12 नवंबर 2022 से 17 नवंबर 2022तक बॉक्सिंग में खेलने के लिए भेजा संदीप यादव ने लाइट वेट में जीत हासिल करते हुए कांस्य मेडल जीत कर भारत का तिरंगा तुर्की देश में लहराया इस दौरान दशरथ लाल करवरिया,शारदा प्रसाद वर्मा,कृष्ण चंद गुप्ता,राज मन पाल,असरार अहमद,मोती लाल,अमृत लाल यादव,सुमेर चंद गुप्ता ,राज नारायण ओझा,जय नारायण मिस्त्र,रमेश मणि पांडे,श्री नारायण मिश्रा,अवधेश कुमार पांडे,कमलेश कुमार ,सुनील कुमार एवं समस्त ऑफिस स्टाप एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।




कांस्य मेडल जीतने वाले संदीप का स्वागत करते सैनिक

संपादकीय

# कॉलेजियम प्रणाली के खिलाफ कानून मंत्री

**- प्रकाश कारत**

**वाम** सहित सभी लोकतांत्रिक राय लंबे समय से एक व्यापक आधार वाले राष्ट्रीय न्यायिक आयोग की स्थापना की वकालत करती रही है जो न्यायाधीशों के चयन और नियुक्ति के संबंध में स्पष्ट रूप से परिभाषित नियमों के साथ पारदर्शी तरीके से काम करता है। ऐसा आयोग जिसमें उच्च न्यायपालिका और कार्यपालिका दोनों का प्रतिनिधित्व हो, प्रतिष्ठित न्यायविद और स्वतंत्र निकायों के अन्य प्रतिनिधि भी हों। इसमें कार्यपालिका का दबदबा नहीं हो सकता। नरेंद्र मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट पर हमले तेज कर दिये हैं। पिछले कुछ हफ्तों में, केंद्रीय कानून मंत्री, किरेन रिजिजू, संसद के बाहर और अंदर दोनों जगह बयानों की एक श्रृंखला बना रहे हैं, न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली को संविधान के लिए विदेशी बताते हुए उसकी आलोचना कर रहे हैं और यह दावा कर रहे हैं कि संविधान की 'भावना' के तहत जजों की नियुक्ति करना सरकार का अधिकार है। भारत के उपराष्ट्रपति, जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा के अध्यक्ष के रूप में पहले सत्र की अध्यक्षता करते हुए, सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर भी हमला किया, जिसने राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग अधिनियम, 2014 को संसदीय संप्रभुता पर हमले के रूप में अमान्य कर दिया। आधिकारिक पदों पर आसीन इन दो व्यक्तियों की टिप्पणियों से यह स्पष्ट है कि हमले का संकेत उच्चतम स्तर से आया है। कॉलेजियम के खिलाफ की गई टिप्पणी से असंतुष्ट रिजिजू उच्च न्यायपालिका को परोक्ष रूप से धमकी देने में आगे बढ़ गये हैं। उन्होंने संसद में घोषणा की कि 'जब तक न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया में बदलाव नहीं होता, तब तक उच्च न्यायिक रिक्तियों का मुद्दा उठता रहेगा' । निहितार्थ स्पष्ट है - सरकार कॉलेजियम द्वारा सुझाए गये उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति को तब तक रोक कर रखेगी जब तक कि न्यायपालिका सरकार की इच्छा के अनुरूप नहीं हो जाती है कि न्यायाधीशों के रूप में किसे नियुक्त किया जाना चाहिए। कानून मंत्री तो यहां तक चले गये हैं कि सुप्रीम कोर्ट को यह प्रवचन भी दे डाला कि उसे जमानत आवेदनों और 'तुच्छ' जनहित याचिकाओं पर विचार नहीं करना चाहिए और अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। वाकपटु मंत्री ने अधिक अशुभ रूप से एक निर्देश जारी किया है, 'हमें न्यायपालिका से भी यह सुनिश्चित करने के लिए कहना होगा कि योग्य लोगों को न्याय मिले और अनावश्यक बोझ डालने वालों का ध्यान रखा जाये, ताकि वे अदालत के कामकाज के दौरान गड़बड़ी न करें विशेषकर उस समय जब अदालत अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही हो'। संदेश स्पष्ट है : सर्वोच्च न्यायालय को नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता से संबंधित मामलों को नहीं लेना चाहिए, या ऐसे मामले जहां कार्यपालिका को एक कष्टप्रद याचिकाकर्ता द्वारा अपने दुष्कर्मों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने इस अनावश्यक सलाह का कड़ा प्रतिवाद करते हुए कहा कि अदालत के लिए कोई भी मामला बहुत छोटा नहीं है और कहा कि 'यदि हम व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मामलों में कार्रवाई नहीं करते हैं और राहत देते हैं, तो हम यहां क्या करने के लिए हैं?' मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित के छोटे कार्यकाल के दौरान और अब तक सुप्रीम कोर्ट उन लोगों की जमानत याचिकाओं पर अधिक ध्यान देता रहा है जो लंबे समय से जेल में हैं और जिनकी जमानत याचिका निचली अदालतों ने खारिज कर दी थी। सीजेआई के रूप में यूयू ललित के कार्यकाल के दौरान ही तीस्ता सीतलवाड़ को अंतरिम जमानत मिली थी और गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत दो साल से जेल में बंद सिद्दीकी कप्पन को जमानत मिली थी। इसके बाद, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जोरदार आपत्तियों के खिलाफ, सुप्रीम कोर्ट ने गौतम नवलखा के लिए हाउस अरेस्ट का आदेश दिया और मुंबई उच्च न्यायालय द्वारा आनंद तेलतुंबडे को जमानत देने की एनआईए की चुनौती को खारिज कर दिया। व्यक्तिगत स्वतंत्रता और नागरिक अधिकारों की रक्षा में सुप्रीम कोर्ट का यह रिकॉर्ड है जिसने सत्तावादी सरकार को जगाया है। पहले ही सरकार कुछ दब्बू जजों को सुप्रीम कोर्ट में लाने में सफल रही है। हाल के दिनों में हमने न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा (अब सेवानिवृत्त) और न्यायमूर्ति एमआर शाह को सार्वजनिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते देखा है। लेकिन सरकार को लगता है कि उच्च न्यायपालिका को 'प्रतिबद्ध' न्यायाधीशों से पूरी तरह भरने के अपने उद्देश्य के लिए कॉलेजियम प्रणाली सहयोगी नहीं है। इसलिए, कॉलेजियम प्रणाली पर वर्तमान हमले को उच्च न्यायपालिका पर कब्जा करने की योजना के हिस्से के रूप में देखा जाना चाहिए। सत्तारूढ़ भाजपा नेता न्यायिक नियुक्ति आयोग की स्थापना के लिए एक और कानून की आवश्यकता की बात कर रहे हैं। इसके द्वारा वे जजों की नियुक्तियों की एक ऐसी प्रणाली तैयार करना चाहते हैं जिसमें कार्यपालिका का दबदबा हो। यह उच्च न्यायपालिका को सरकार के अधीन करने का पक्का तरीका होगा। जिस तरह से सरकार द्वारा चुने गए आयुक्तों की नियुक्ति कर चुनाव आयोग को दंतविहीन कर दिया गया है, वह एक चेतावनी होनी चाहिए। वाम सहित सभी लोकतांत्रिक राय लंबे समय से एक व्यापक आधार वाले राष्ट्रीय न्यायिक आयोग की स्थापना की वकालत करती रही है जो न्यायाधीशों के चयन और नियुक्ति के संबंध में स्पष्ट रूप से परिभाषित नियमों के साथ पारदर्शी तरीके से काम करता है। ऐसा आयोग जिसमें उच्च न्यायपालिका और कार्यपालिका दोनों का प्रतिनिधित्व हो, प्रतिष्ठित न्यायविद और स्वतंत्र निकायों के अन्य प्रतिनिधि भी हों। इसमें कार्यपालिका का दबदबा नहीं हो सकता।

# कोविड महामारी: व्यापक रणनीति की जरूरत

**डॉ. अरुण मित्रा**

**हमारे** देश के लिए यह और भी महत्वपूर्ण है कि हम स्थानीय और वैश्विक आपूर्ति के लिए सस्ती दवाओं/टीकों का उत्पादन करने के उद्देश्य से अपने सार्वजनिक क्षेत्र के फार्मास्युटिकल उद्योग को फिर से जीवंत और मजबूत करें। संचारी और गैर-संचारी कई बीमारियों के लिए हमारे पास राष्ट्रीय आपात स्थिति है। इस खबर के साथ कि नये ओमिक्रॉन वैरिएंट के कुछ मामले, जिनके बारे में कहा जाता है कि अल्प अवधि में पिछले कोविड संक्रमणों की तुलना में तेजी से फैलता है, चिंता का विषय है। हालांकि अब हमारे पास अतीत का पर्याप्त अनुभव है और हमें इसका उपयोग कोविड से बचाव और अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए करना चाहिए। अतीत में भले ही कुछ वैज्ञानिकों ने भविष्यवाणी की थी कि महामारी हर बार आती और जाती है। उस समय हम शायद लगभग 100 साल पहले स्पेनिश फ्लू महामारी को भूल गये थे, जिसने भारी तबाही मचाई थी और लाखों लोगों की जान ली थी। उस समय चिकित्सा विज्ञान का ज्ञान इतना उन्नत नहीं था जितना अब है। कुछ वैज्ञानिकों की चेतावनी के बावजूद इस मुद्दे को उतनी गंभीरता से नहीं लिया गया। इसलिए दुनिया ऐसी घटना का सामना करने के लिए तैयार नहीं थी। भविष्य में कोविड को रोकने के लिए दवाओं, अस्पताल के कर्मचारियों, उपकरणों के साथ-साथ टीकों की कमी थी। परिणामस्वरूप हमें विश्व स्तर पर कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन हमारे देश में गरीब लोगों अधिक नुकसान हुआ। हर जगह सरकारों ने कोविड से संबंधित अपने आंकड़ों को छिपाने की कोशिश की। उदाहरण के लिए भारत सरकार ने कहा कि 4 लाख लोग मारे गए लेकिन स्वतंत्र अध्ययन ने मौतों की संख्या 25 से 40 लाख के बीच बताई है। सरकार ने इसे स्वास्थ्य आपातकाल मानने के बजाय स्थिति से निपटने के लिए आपदा अधिनियम लाया। केवल चार घंटे का समय देते हुए पूरी तरह से बिना सोचे-समझे लॉकडाउन अचानक लागू कर दिया गया। इससे बहुत ही विकट स्थिति पैदा हो गई। लोगों के पास अचानक कोई नौकरी नहीं रह गई, आजीविका का कोई साधन नहीं रह गया और लोग आश्रयहीन हो गये। गरीब मजदूरों ने अपने परिजनों के साथ रहने के लिए अपने गांव जाने का फैसला किया। सरकार ने उनकी मदद करने के बजाय परिवहन के सभी साधनों को बंद कर दिया, जिससे उन्हें सैकड़ों किलोमीटर पैदल, साइकिल, ठेले और अन्य निजी/किराए के परिवहन के लिए अत्यधिक भुगतान करने के लिए मजबूर होना पड़ा। रास्ते में कई जगहों पर प्रशासन द्वारा उनके साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किया गया। आजादी के बाद हुए इस सबसे बड़े पलायन में कई हादसे हुए। दुर्भाग्य से किसी भी मंत्री या सरकारी अधिकारी ने उनके प्रति सहानुभूति के एक शब्द भी नहीं बोले।

अर्थव्यवस्था ठप हो गयी। श्रमिक ट्रेड यूनियनों ने प्रत्येक परिवार को 7500/- रुपये दिए जाने की मांग की ताकि उन्हें खाने के लिए न्यूनतम भोजन मिल सके। इससे अर्थव्यवस्था को भी एक हद तक गति मिल सकती थी। लेकिन सरकार ने केवल कुछ किलो अनाज, दाल और थोड़ा सा तेल ही दिया। गैर-सरकारी संगठनों और धार्मिक संस्थानों ने विशेष रूप से गुरुद्वारों ने पके या कच्चे राशन के रूप में लोगों को कुछ राहत दी। आशा और आंगनबाड़ी सहित सार्वजनिक क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता लोगों की मदद के लिए सबसे आगे थे, भले ही उनके पास वर्कमैन का दर्जा नहीं है। यह देखना दर्दनाक है कि इतनी गंभीर स्वास्थ्य आपदा के दौरान भी फार्मा कंपनियों ने भारी मुनाफा कमाया। दवाइयां, मास्क, सेनेटाइजर सहित अन्य उपकरण ऊंचे दामों पर बेचे गये। विकसित और विकासशील देशों के बीच हेल्थकेयर और टीकों में घोर असमानता देखी गई। छोटे देशों को, जिन्हें बड़े-बड़े टीका उत्पादक दिग्गजों से टीके खरीदने के लिए मजबूर किया गया, ब्लैकमेल भी किया गया। इस ओर इशारा करते हुए पीजीआई चंडीगढ़ के डॉ. समीर मल्होत्रा ने कहा किकोविड-19 के डर ने कई सरकारों को वैक्सीन विकसित करने वाली कंपनियों के साथ अनुबंध करने के लिए मजबूर किया। इनमें से कई अनुबंधों में गोपनीयता की शर्तें थीं, जिसके अनुसार कम्पनी को 'वैक्सीन के उपयोग से उत्पन्न होने वाले गंभीर दुष्प्रभावों के लिए किसी भी नागरिक जिम्मेदारी से अनिश्चित काल के लिए' छूट दी गई थी।' खरीदार इसके द्वारा कंपनी और उनके प्रत्येक सहयोगी को किसी भी और सभी मुकदमों, दावों, कार्यों, मांगों, नुकसानों, देनदारियों, बंदोबस्त, दंड, जुमार्ना, लागत और खर्चों के कारण क्षतिपूर्ति, बचाव और हानिरहित रखने के लिए सहमत है, जोवैक्सीन से संबंधित, या इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न होने वाली थी।'



इतना ही नहीं, और यह चौंकाने वाला है, इन देशों को 'क्षतिपूर्ति की गारंटी के लिए संप्रभु संपत्ति को कोलैटरल के रूप में रखने' के लिए कहा गया था। ऐसी संपत्तियों में दूतावास की इमारतें, सांस्कृतिक संपत्तियां आदि शामिल हो सकती हैं। हमें अभी भी तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा भारत को दी गई धमकी याद है, अगर भारत ने अमेरिका को क्लोरोक्वीन की आपूर्ति नहीं की

इतना ही नहीं, और यह चौंकाने वाला है, इन देशों को 'क्षतिपूर्ति की गारंटी के लिए संप्रभु संपत्ति को कोलैटरल के रूप में रखने' के लिए कहा गया था। ऐसी संपत्तियों में दूतावास की इमारतें, सांस्कृतिक संपत्तियां आदि शामिल हो सकती हैं। हमें अभी भी तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा भारत को दी गई धमकी याद है, अगर भारत ने अमेरिका को क्लोरोक्वीन की आपूर्ति नहीं की। हम उम्मीद करते हैं कि भविष्य में ऐसी असमानताएं नहीं होंगी लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है। कंपनियों का मुनाफा ही उनका मकसद होता है। वे दवाओं के उच्च मूल्य निर्धारण को उचित ठहराते हैं क्योंकि उन्हें शोध पर खर्च करना पड़ता है। फार्मा उद्योग का यह दावा पूरी तरह गलत है कि उन्हें नयी दवाओं को विकसित करने में उच्च लागत वहन करनी पड़ती है, जिसके आधार पर वे अधिक कीमतों को उचित ठहराते हैं, क्योंकि नयी दवाओं के लिए लगभग 100 फीसदी प्रारंभिक अनुसंधान खर्च सार्वजनिक धन के समर्थन से होता है। एक वैक्सीन जिसके निर्माण के लिए कुछ डॉलर की आवश्यकता होती है, कंपनी को अरबों डॉलर का मुनाफा देती है।

उनके शोषण को जारी रखने के लिए वैश्विक शक्तियों ने विश्व व्यापार संगठन के विभिन्न नियमों के तरह बौद्धिक संपदा अधिकार (ट्रिप्स)लागू किया है। इसके अन्तर्गत विकासशील देशों को सस्ती दवाओं/टीकों के निर्माण से रोका जाता है। विकासशील देशों के पक्ष में बिना लंबी बहस के अनिवार्य लाइसेंसिंग के प्रावधान को सरल बनाया जाना चाहिए, खासकर जब हम महामारी के कारण दुनिया भर में गंभीर स्वास्थ्य संकट में हैं। हमारे देश के लिए यह और भी महत्वपूर्ण है कि हम स्थानीय और वैश्विक आपूर्ति के लिए सस्ती दवाओं/टीकों का उत्पादन करने के उद्देश्य से अपने सार्वजनिक क्षेत्र के फार्मास्युटिकल उद्योग को फिर से जीवंत और मजबूत करें। संचारी और गैर-संचारी कई बीमारियों के लिए हमारे पास राष्ट्रीय आपात स्थिति है। कोरोना संक्रमण के इलाज के लिए गोमूत्र और गोबर के उपयोग जैसे अवैज्ञानिक विचारों से बचना और भी जरूरी है। झूठी आशाएं प्रतिकूल हो सकती हैं। प्रधानमंत्री ने मार्च 2020 में अपने भाषण में कहा था कि हम 21 दिनों में कोरोना को हरा देंगे। इस तरह की अवैज्ञानिक बातें मदद नहीं करतीं। स्वास्थ्य आपातकाल के मामले में स्वास्थ्य विज्ञान को प्रबल होने दें।

# राहुल को इन्दिरा जैसा गरीब समर्थक नेता बनना होगा

**शकील अख्तर**

**राहुल को** यही समझना होगा। यात्रा के कई सबक हैं। अगर राहुल के नजदीकी लोगों में हिम्मत और राजनीतिक समझ है तो वे उसके असली परिणाम बताएंगे। नहीं तो वे भी यात्रा के गैरराजनीतिक स्वरूप का महिमामंडन करके राहुल और कांग्रेस को लांग टर्म नुकसान पहुंचाएंगे। आज भी बहुत सारे कांग्रेसी हैं जो विनोबा भावे के भूदान आंदोलन की प्रशंसा बड़े भावुक होकर करते हैं। कांग्रेस को आडंबर की राजनीति से बचना चाहिए। नए साल में कांग्रेस को कई विधानसभा चुनाव लड़ना हैं। 9 राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल पूरा हो रहा है और दसवें जम्मू-कश्मीर में होने की भी संभावना बन रही है। राहुल यहीं अपनी यात्रा का समापन 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर कर रहे हैं। गणतंत्र दिवस मतलब भारत का संविधान लागू होने का दिन। जिसने चुनाव और दूसरी लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं दीं। इन विधानसभा चुनावों में उत्तर भारत, दक्षिण, नार्थ ईस्ट सब जगह के चुनाव होना है। मतलब पूरे भारत के राजनीतिक मिजाज के। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, कर्नाटक, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम के। यह होते होते पूरा 2023 निकल जाएगा। और 2024 का लोकसभा चुनाव आ जाएगा।

अगर इस बार भी कांग्रेस आधे-अधूरे मन से लड़ी और मोदीजी की हैट्रिक हो गई तो फिर राहुल को चुनाव हमेशा के लिए भूल जाना चाहिए। और जैसा कि अभी कांग्रेस बार-बार कहती है को यह यात्रा राजनीतिक नहीं है तो फिर उसे अपने आपको राजनीति दल कहना बंद करके खुद को किसी एनजीओ या सामाजिक संगठन में परिवर्तित हो जाना चाहिए। अगर कांग्रेस राजनीति को बदलने की यात्रा नहीं कर रही तो उसे हिमाचल के सभी कांग्रेसी विधायकों को राजस्थान में यात्रा के दौरान बुलाने की क्या जरूरत थी? इसीलिए बुलाए ना कि वहां सरकार बनी है। सत्ता पक्ष के विधायक हैं। अगर ऐसा नहीं होता तो गुजरात के भी विधायक बुलाए जाते। मगर वहां कांग्रेस बुरी तरह हारी है। और खुद पूरी ताकत से चुनाव नहीं लड़ने के कारण हारी है इसलिए वहां के जो कुछ विधायक जीते भी हैं उन्हें कहीं बुलाकर दिखाने या यात्रा में साथ लेकर चलने की जरूरत महसूस नहीं की गई। विजय ही अंतिम सत्य है। हारा हुआ सेनापति चाहे जितना अच्छा लड़ा हो उसकी सेना ही उसकी आलोचना करना शुरू कर देती है। 2019 के लोकसभा चुनाव हारने के बाद राहुल देख चुके हैं। पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना पड़ा था। पार्टी के लोग खुल कर विरोध में आ गए थे। 23 ने तो हस्ताक्षर कर-के कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को पत्र लिखा था मगर कई और बड़े नेता भी थे जो इस मुहीम के पीछे थे। राहुल को निश्चित रूप से ही मालूम होगा। और अगर नहीं मालूम है तो यह उनके नजदीकी लोगों की बहुत बड़ी राजनीतिक अक्षमता है। वह हार के बाद का मंजर था। और अब हिमाचल की जीत और यात्रा की सफलता का माहौल क्या है कि जम्मू-कश्मीर में गुलामनबी आजाद के सबसे बड़े समर्थक नेताओं सहित करीब सवा सौ लोगों ने पार्टी छोड़ दी। वे कह रहे हैं कि जब फारूख अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और दूसरे विपक्षी नेता राहुल का जम्मू-कश्मीर में प्रवेश के वक्त स्वागत करने जाएंगे तो हम क्यों नहीं? राहुल के स्वागत के लिए उन्होंने आजाद और उनकी पार्टी को छोड़ दिया। कोई बड़ा आश्चर्य नहीं कि जम्मू-कश्मीर में आजाद भी यात्रा के साथ चलते नजर आएं। अभी पूरा एक महीना है। आजाद की पार्टी में और विद्रोह होगा। उनके साथ जाने वाले थे तो मूल कांग्रेस के ही। ताराचंद सबसे बड़े नेता थे। उपमुख्यमंत्री रहे थे। गठबंधन सरकार में जब आप छोटे पार्टनर हों तो उपमुख्यमंत्री से बड़ी कुर्सी कोई नहीं होती है। ताराचंद वहीं थे। उमर अब्दुल्ला की सरकार में उपमुख्यमंत्री। दलित नेता हैं और विधानसभा अध्यक्ष भी रहे हैं। वे आजाद के पास से सवा सौ लोग लेकर वापस आए हैं। राहुल की यात्रा की चमक ने उनकी आंखें खोल दीं। सफलता चीज ही ऐसी होती है। और असफलता का माहौल ऐसा कि यात्रा शुरू होने से पहले आजाद कांग्रेस मुख्यालय में आकर प्रेस कान्फ्रें स में पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को बहुत ही हिकारत के साथ बेचारी सोनिया बोलते हैं। ईडी की पूछताछ पर मोदी सरकार से कहते हैं क्यों इस बेचारी को परेशान कर रहे हो। कांग्रेसी तो अपने नेता का अपमान सुनकर उल्टे खुश होते हैं। किसी ने आजाद से कुछ नहीं कहा। मगर वे ही आजाद अब खुद लाचार बन गए हैं। जम्मू-कश्मीर में पार्टी पूरी तरह बन भी नहीं पाई और टूटना शुरू हो गई। वहां जनता में तो कोई पूछ नहीं रहा और जो नेता साथ गए थे वे भी भाग रहे हैं। राहुल को यही समझना होगा। यात्रा के कई सबक हैं। अगर राहुल के नजदीकी लोगों में हिम्मत और राजनीतिक समझ है तो वे उसके असली परिणाम बताएंगे। नहीं तो वे भी यात्रा के गैरराजनीतिक स्वरूप का महिमामंडन करके राहुल और कांग्रेस को लांग टर्म नुकसान पहुंचाएंगे। आज भी बहुत सारे कांग्रेसी हैं जो विनोबा भावे के भूदान आंदोलन की प्रशंसा बड़े भावुक होकर करते हैं। लेकिन उनमें से किसी के पास आंकड़े नहीं है कि कितनी विवादास्पद और कई जगह सरकारी, खुद गरीब, दलित की ही भूमि लोगों ने झूठी वाहवाही के लिए दान कर दी। और न ही आज कोई यह बता सकता है कि दान में मिली उस भूमि के कितने गरीब, दलित, कमजोर, भूमिहीन वास्तविक कब्जाधारी बन पाए। भारत में मेढ़ की जमीन के लिए पीढ़ी दर पीढ़ी मुकदमे चलते हैं। फौजदारियां होती है। भाई-भाई में दुश्मनी हो जाती है। यहां कोई जमीन दान देगा? हां कुछ छोटे काश्तकारों ने जरूर दी। मतलब दान भी गरीब से ही लिया। उसकी दो रोटी में से एक ले ली। यह अन्याय था। जुल्म। कांग्रेस की मूल रीति और नीति गरीब समर्थक की रही है। गरीब को भावुक बनाकर उसे भटकाने की नहीं। उसकी मूल समस्याओं को दूर करना होगा। जिन पर राहुल रोज बात कर रहे हैं। बेरोजगारी क्यों है? मंहगाई पर अंकुश क्यों नहीं लगाया जा रहा? सरकारी चिकित्सा सेवाएं और सरकारी शिक्षा को क्यों खत्म किया जा रहा है? राहुल ने दिल्ली पहुंचकर लाल किले से बड़ी महत्वपूर्ण बात कही कि वे हिन्दू- मुसलमान में आपको उलझाकर आपकी जेब काट रहे हैं। आपकी जेब का पैसा अंबानी अडानी की जेब में पहुंचा रहे हैं। मीडिया पर भी लगाम है और सरकार पर भी असली मालिक अंबानी अडानी हैं। राहुल ने समस्या को पकड़ा तो सही है। मगर इसका इलाज कैसे होगा? अच्छा डाक्टर केवल रोग को पकड़ता ही नहीं है उसका निदान भी जानता है। राहुल और कांग्रेस अगर अति आदर्शवादी, गैरराजनीतिक रवैया अपनाएंगे तो यह एएच व्हीलर से लाई दो किताबें पढ़कर होम्योपैथी की सफेद गोलियां दे रहे डाक्टर जैसा इलाज होगा।

# अमृत महोत्सव में मन की बात

**प्रधानमंत्री** मोदी ने साल के अंत में एक बार फिर लोगों से मन की बात की। जिसमें उन्होंने 2022 को अद्भुत साल बताते हुए कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की भावना का विस्तार करने के लिए ये याद रखा जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कोरोना से बचाव पर जोर दिया। नमामि गंगे अभियान को कैसे अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली, कैसे जी-20 की अध्यक्षता से भारत को गौरव हासिल हो रहा है, इन सबका जिक्र किया। किसी के मन की बात में क्या होना चाहिए, क्या नहीं, ये वही इंसान तय कर सकता है। लेकिन मन की बात हमेशा सही हो, ये भी नहीं होता। जैसे ये तो तथ्य है कि 2022 में आजादी को 75 साल पूरे हो गए। 2047 तक आजादी की शताब्दी भी पूरी हो जाएगी। 75 से लेकर सौ बरस तक के इस सफर में अब इस बात पर गौर करना होगा कि आजादी जिन मूल्यों को स्थापित करने के उद्देश्य के साथ हासिल की गई थी, क्या मौजूदा सरकार में देश उन उद्देश्यों की प्राप्ति की ओर बढ़ पा रहा है। जब प्रधानमंत्री दावा कर रहे हैं कि देश दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है, तो उन्हें ये भी बताना चाहिए कि फिर देश के 80 करोड़ लोगों को लगातार दो साल से मुफ्त अनाज देने की नौबत क्यों रही है और क्यों अगले एक साल तक फिर से मुफ्त अनाज देने का ऐलान किया गया है। क्या बड़ी अर्थव्यवस्था होने की शर्तों में आर्थिक गैरबराबरी जरूरी होती है।

प्रधानमंत्री मन की बात में जब ये कह रहे हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने शिक्षा, विदेश नीति और इंफ्रास्ट्रक्चर सहित हर क्षेत्र में भारत को नई ऊं चाइयों पर पहुंचाया। तो उन्हें ये भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वे राजनैतिक कारणों से देश के अन्य पूर्व प्रधानमंत्रियों का नाम नहीं ले रहे हैं या वे सचमुच यही कहना चाहते हैं कि इस देश में सारी तरक्की 1996 से लेकर 2004 और फिर 2014 से लेकर 2022 तक हुई है, बाकी सरकारों के शासन में देश एक जगह थमा रहा। प्रधानमंत्री मोदी एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना का विस्तार करने का श्रेय लोगों को दे रहे हैं। अगर ऐसा है, तो फिर वो कौन लोग हैं, जिन्हें एक प्रार्थना में हिंदू-मुस्लिम कोण दिख जाता है, जो एक अभिनेत्री की मौत को लव जिहाद से जोड़ रहे हैं, जो क्रिसमस के त्योहार का सरेआम विरोध कर रहे हैं, जो खुले में नमाज पढ़ने पर बवाल मचा रहे हैं। ये तमाम घटनाएं पिछले दो-तीन दिनों की ही हैं। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले के फरीदपुर के एक सरकारी उच्च प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक या शिक्षामित्र बजरुद्दीन को हिंदू समुदाय की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, इसके साथ ही उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। बजरूद्दीन पर विहिप ने आरोप लगाया कि वे विद्यालय में प्रार्थना के दौरान छात्रों से "मेरे अल्लाह बुराई से बचाना मुझको, नेक जो राह हो चलाना मुझको, लब पे आती है दुआ बनके तमन्ना मेरी" इसका गान करवा रहे थे। अल्लामा इकबाल की इस सुप्रसिद्ध नज्म को विहिप ने इस्लाम की ओर प्रेरित करने वाला समझा और यही इल्जाम शिक्षक पर मढ़ दिया। पुलिस ने भी इस पर प्राथमिकी दर्ज कर ली। क्या यही भारत का अमृतकाल है, जब बुराई से बचने की दुआ करना जुर्म बन जाएगा। और ये ऐसा पहला मामला नहीं है। इसी उत्तर प्रदेश में 2019 में पीलीभीत के एक सरकारी विद्यालय में प्रधान अध्यापक के खिलाफ विहिप और बजरंग दल की इकाइयों ने इसी तरह की शिकायत दर्ज करवाई थी। संगठनों का आरोप था कि छात्रों को लब पे आती है दुआ बन के तमन्ना मेरी ही गाने के लिए कहा जा रहा है। तब भी प्रधान अध्यापक को निलंबित कर दिया गया था। एक प्रयोग जब सफल हो जाता है, तो उसे दोहराने में झिझक नहीं होती। यही उत्तरप्रदेश के सरकारी स्कूलों में हो रहा है। हालांकि इन स्कूलों में पेयजल, शौचालय, शिक्षकों की कमी, संसाधनों की कमी जैसी कई समस्याएं होंगी, लेकिन उनके खिलाफ कभी कोई धार्मिक संगठन उठ खड़ा हुआ हो, याद नहीं पड़ता। इन स्कूलों में जातिगत भेदभाव भी होता है। दलित छात्रों या शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार के प्रकरण सामने आए हैं, उन पर हिंदूवादी संगठनों के धर्म को खतरा नहीं हुआ। मगर इकबाल की नज्म पर बात शिक्षकों की गिरफ्तारी तक जा पहुंचती है। दो साल पहले आईआईटी कानपुर में भारत-पाकिस्तान के बड़े शायर फैज अहमद फैज की मशहूर कविता 'हम देखेंगे' के ऊपर जांच बैठा दी गई है।

## टूटती बिखरती धरती

**डॉ. सुरेश कुमार**

**रंगीन** सपने मानों बिखर सी गई हैं। धरती माँ लाचारियों के धवल वस्त्र लपेटे विधवा सी लग रही है। एकांत में बैठे किसी बड़ी क्षति के लिए शोकगीत का पूर्वाभ्यास कर रही है। बुराई के आंकड़ें अपने चरम पर हैं। गली-चौबारों में घूमने वाले कुत्ते घुप्प अंधेरे में जोर-जोर से रो रहे हैं। अब हस्त पस्त होते जा रहे हैं। एक-दूसरे से मिलने के लिए मना कर रहे हैं। भविष्य भूत के अंधेरे का चोला ओढ़े वर्तमान से उठक-बैठक करवा रहा है। अंधेरा उजाले का रंगरेज बनकर दुनिया पर कालिख पोतने पर तुला है। यह विश्व चमगादड़ की तरह शीर्षासन कर रहा है। अंतर केवल इतना है कि बीच-बीच में ऋतुएँ सामाजिक दूरी के नाम पर अब-तब आ जा रही हैं। हाथों में मेहंदी की गहरी लाली की तरह सूर्य गहरा गया है। किरणें अजीबोगरीब लालिमा फैलाने पर मजबूर हैं। सैनिटाइजर से बार-बार मेहंदी लगे धुलने वाले हाथ उसे सूखने नहीं दे रहे हैं। मेहंदी झड़ती जा रही है। लालिमा से वंचित हाथों का सूनापन, क्रंदन, हृदयविदारक विलाप नयनों के कुएँ से अश्रुओं को सींच रहा है। हृदय में लगी आग पर अग्निशमन सा काम कर रहा है। लेकिन पीड़ा की अग्नि बुझने का नाम नहीं ले रही है। न जाने वह नन्हीं बच्ची कहाँ से आयी थी। अपनी दोनों हथेलियों पर मेहंदी रचाए निश्चिंत होकर खेल रही थी। खेल-खेल में मानो उसने टूटते आकाश को अपनी उंगलियों से थाम लिया हो। आकाश के वक्ष पर नन्हीं बच्ची की हथेलियों की मेहंदी लग सी गयी है।

## फटाफट खबरें

### कोहरे ने रोक दी वाहनों की रफ़्तार धुंध छाने से विजिबिलिटी हुई कम, गलन बढ़ने से हर कोई ठिठुरा जनजीवन हुआ प्रभावित



**अखंड भारत संदेश**
**उन्नाव ।** लखनऊ मंडल में शीतलहर जारी है कोहरे के साथ गलन भी बढ़ रही है। कोहरे के कारण वाहनों की रफ़्तार पर ब्रेक लगी गलन बढ़ने से सर्दी और ज्यादा बढ़ रही है। ऐसे में लोगों की दिनचर्या पर भी असर पड़ रहा है दूध बेचने वाले, दिहाड़ी मजदूरी करने वाले लोगों को ठंड की वजह से काम करने में परेशानी हो रही है। रोड पर चलने वाले वाहनों को भी बहुत परेशानी हो रही है वेजबिलटी कम हो जाने से एक्सीडेंट होने का खतरा बढ जाता है।

### तमंचा व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार




**चित्रकूटः** आगामी नगर निकाय चुनाव एवं सर्दी के मौसम में बढ़ने वाले अपराधों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना मऊ राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना मऊ पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त वासुदेव विश्वकर्मा पुत्र श्यामलाल विश्वकर्मा निवासी जिरौहा थाना पनवार जनपद रीवा मप्र को एक अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना मऊ में आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।
गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक बालकिशुन, आरक्षी होलिकेन्द्र आदि मौजूद रहे।

### जिलाबदर अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**चित्रकूटः** आगामी नगर निकाय चुनाव एवं सर्दी के मौसम में बढ़ने वाले अपराधों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ के लिए एवं जिलाबदर अभियुक्तों की चेकिंग के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा प्रवीण कुमार सिंह तथा उनकी टीम द्वारा जिला मजिस्ट्रेट के जिलाबदर के आदेश का उल्लंघन करते हुए पाए जाने पर अभियुक्त रामशरण पुत्र अयोध्या निवासी बसहर थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना सरधुवा में गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।
गिरफ्तारी के दौरान आरक्षी अमित सिंह, शकीक अहमद आदि मौजूद रहे।

### अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर आगामी नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 अभियुक्तों के कब्जे से 35 लीटर कच्ची शराब व 20 क्वार्टर देशी शराब बरामद की।
मऊ थाना उप निरीक्षक बालकिशुन तथा आरक्षी होलिकेन्द्र द्वारा अभियुक्त कमल सिंह पुत्र रामलखन सिंह निवासी टिकरा थाना मऊ जनपद चित्रकूट 20 लीटर कच्ची शराब महुआ निर्मित के साथ गिरफ्तार किया गया।
इसी प्रकार सरधुवा थाना उप निरीक्षक सत्यमपति त्रिपाठी तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त मिथलेश कुमार पुत्र श्रीकेशन निवासी महुआ थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान आरक्षी बब्बूराजा, वेदप्रकाश शामिल रहे।
इसी क्रम में बरगढ थाना उप निरीकक्षक राजेन्द्र प्रताप सिंह तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्ता सुखवती कोल पत्नी बृजबिहारी कोल निवासी हरदीकलां थाना बरगढ़ जनपद चित्रकूट को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान आरक्षी चंदन विश्वकर्मा, महिला आरक्षी सोनम आदि शामिल रहे। अभियुक्तों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### कुएं में गिरने से विवाहिता की मौत

**कछवारोड़, वाराणसी। मिजार्मुराद** क्षेत्र के बीहडा गांव में कुएं में गिरने से विवाहिता की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार बीहडा गांव निवासिनी उर्मिला देवी पत्नी सुरेंद्र कुमार की मौत हो गई। वह रविवार भोर घर से निकली थी।जब घर नही लौटी तो परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। घर के समीप कुएं पर उसकी चप्पल व लाइट पड़ी थी।जब अंदर देखा तो उसका शव उतराया पड़ा था।ग्रामीणों मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया।तो घर वाले देखकर सन्न रह गए।लोगो का कहना रहा कि असावधानी की वजह से वह गिर पड़ी होगी।उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।वह दो बच्चो की मां थी।

### ट्रक के नीचे आने से किशोर की गई जान

**वाराणसी। चोलापुर** के हरिबल्लमपुर के रिंग रोड पर रविवार को क्रिसमस डे के मस्ती के लिए बाइक से निकले किशोर आपस में रेस करने लगे। इस दौरान एक बाइक फिसल गई।बाइक चला रहा किशोर जैतपूरा के दिगिया निवासी रजत वर्मा ट्रक नीचे आ गया। जिससे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।उसके साथ का युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

### प्रेमी युगल ने जहर खाकर दी जान

**वाराणसी। कपसेठी थाना** क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव में प्रेमी युगल ने जहर खाकर जान दे दी।प्रेमिका ने परिजनों ने इसी माह के तेरह तारीख को उसकी सादी दूसरे युवक से कर दी गई थी।अर्जुनपुर गांव निवासी राधिका (20)और आकाश पटेल (23)पड़ोसी थे। दोनो आपस में प्रेम करते थे। बीते तेरह दिसंबर को राधिका की सादी मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक के साथ हुई थी।राधिका अपने ससुराल से हफ्ते भर पहले मायके आ गई।

# पन्नालाल सभागार में मंडलायुक्त लखनऊ ने राजस्व एवं राहत कार्यों को लेकर की समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**
**उन्नाव ।** जिलाधिकारी कार्यालय स्थित पन्नालाल सभागार में मंडलायुक्त लखनऊ, डॉ. रोशन जैकब द्वारा जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे की उपस्थिति में राजस्व एवं राहत कार्यों, कानून एवं यातायात व्यवस्था, कर-करेत्तर एवं कोविड की तैयारियों तथा आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गयी। राजस्व विभाग एवं राहत कार्यों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त द्वारा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि अविवादित वरासत के प्रकरण समय से निस्तारित किये जायें। उन्होने कहा कि शीत कालीन भ्रमण एवं जन चैपालों के दौरान भूमि सम्बन्धी विवादों का पुलिस एवं प्रशासन की टीम द्वारा स्थलीय निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाए। पैमाइश एवं हदबरारी के वादों को अनावश्यक रूप से लम्बित न रखा जाए। सभी उप जिलाधिकारी अभियान चलाकर सरकारी भूमि से अवैध कब्जों को हटवायें तथा शासकीय उपयोग हेतु लैण्ड बैक तैयार करें। उन्होने निर्देश दिये कि राजस्व तथा भूमि सम्बन्धी समस्त वादों का निपटारा तय समय सीमा के अन्दर सुनिश्चित कराया जाए। मंडलायुक्त द्वारा यह भी कहा गया कि छोटे-छोटे कामों के लिए लोगों को जिला कार्यालय एवं तहसील के चक्कर न लगवाए जाएं। इसलिए ग्राम सचिवालयों को एक्टिव किया जाए रोस्टर के मुताबिक प्रत्येक ग्राम में पंचायत सचिव एवं लेखपाल एक साथ बैठें। तथा स्थानीय स्तर पर ही लोगों की शिकायतों का निस्तारण



कराना सुनिश्चित करें। शीत लहर एवं सर्दी के दृष्टिगत उन्होंने कहा कि जनपद में आवश्यकतानुसार शेल्टर होम रैन बसेरे संचालित किये जाएं एवं अलाव नियमित रूप से जलाये जाएं। जरूरतमंद एवं निराश्रित लोगों को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कम्बल वितरित कराये जाएं। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि रात्रि भ्रमण के दौरान शेल्टर होम की व्यवस्थाओं को अवश्य देखें। तथा शेल्टर होम में सुरक्षा व चिकित्सा के पर्याप्त इन्तजाम किये जाएं।
मण्डलायुक्त ने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना से अपराध नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि भू-माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए तथा महिलाओं से सम्बन्धित अपराधों को कमतर करने के लिए संवेदनशील स्थलों जैसे बाजार, स्कूल, कालेज आदि पर पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि विवेचक जॉच अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा की जाए तथा दर्ज मुकद्मों का समय से निस्तारण कराया जाए। यह भी कहा कि थाना दिवसों को प्रभावी बनाया जाए तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण एवं समय से निस्तारण कराया जाए ताकि शिकायतकर्ता संतुष्ट रहे। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) नरेन्द्र सिंह को निर्देश देते हुए कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत राजस्व की वसूली सुनिश्चित करायी जाए। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सत्य प्रकाश को भी निर्देश दिये गए कि कोविड महामारी के दृष्टिगत सभी अस्पतालों में आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करा ली जाएं तथा ग्राम निगरानी समितियों को सक्रिय किया जाए।
बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन रणविजय यादव, मुख्य विकास अधिकारी ऋषि राज, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, नगर मजिस्टेट श्रीमती विजेता, उप जिलाधिकारी सदर नूपुर गोयल, उप जिलाधिकारी पुरवा अतुल कुमार, उप जिलाधिकारी बीघापुर दया शंकर पाठक, उप जिलाधिकारी सफीपुर शिवेंद्र वर्मा एवं बॉगरमऊ एसडीएम उदित नारायण सहित अन्य कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# हर मुद्दे पर असफल है भाजपा सरकार - रामप्रसाद

**चित्रकूटः** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी स्थापना दिवस पर पार्टी कैंप कार्यालय में का. रामप्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को गोष्ठी का आयोजन किया गया।
का. रामप्रसाद सिंह ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना से पूरे देश में विशेष रूप से बुंदेलखंड में गरीबों, मेहनतकश वर्ग के लिए एक वरदान बनकर उभरी और सन 1966 के आंदोलन में एक नई दिशा और दशा लेकर आई और उन्होंने जमीदारी खत्म करा कर भूमिहीन लोगों को भूमि दिलवाने तथा गुलामी की दासता से मुक्त कराने का काम किया। पार्टी के लोग जब जनप्रतिनिधि बनकर संसद और विधानसभा में पहुंचे तो उन्होंने सिंचाई के लिए, शिक्षा के लिए, स्वास्थ्य व रोजगार के लिए काफी काम किया। जबसे राष्ट्रवाद के नाम से मोदी सरकार आई है तबसे जनता के हाथ मे कुछ नही बचा। देश के लिए चलने वाले कारखाने, खनन, रेलवे, बैंक, बीमा, बिजली, सडके, शिक्षा, स्वास्थ्य, रसोई गैस, कोयला, डीजल, पेट्रोल, तक में पूंजीपति घराने काबिज हो गये हैं। देश के इन्हीं संस्थानों से लोगो को नौकरियां मिलती थी, जो अब ठेके मे चल रही हैं। जिसके कारण भयावह मंहगाई, बेरोजगारी व बेरोजगारों का पलायन जारी है ।का. अमित यादव जिला सचिव ने कहा कि



आजादी के 22वर्ष पूर्व 26 दिसम्बर 1925 को मौलाना हसरत मोहानी, सत्य भक्त, नलिनी गुप्ता आदि के नेतृत्व में पार्टी का गठन हुआ था। जिसका लक्ष्य है सम्पूर्ण बदलाव अर्थात मनुष्य के द्वारा मनुष्य का शोषण का अन्त हो, अमीरी, गरीबी की खाई समाप्त हो, देश के हर नागरिक को शिक्षा, स्वास्थ, धन सम्पदा मे बराबर की हिस्सेदारी हो, जाति, धर्म लिंग की असमानता से मुक्ति हो, हर नौजवान को काम का मौलिक अधिकार हो। देश के महान कान्तिकारी शहीदे आजम, भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान के सपनो का देश बनाना। कार्ल मार्क्स, डा. भीमराव अंबेडकर के सिद्धांतो को जमीन मे लाना। बिना आर्थिक, सामाजिक आजादी के आजादी का कोई अर्थ नहीं। सच्ची आजादी पाने के लिए भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी की सदस्यता लेकर देश की नई क्रान्ति के सैनिक बनकर सच्ची आजादी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जाति-धर्म से ऊपर ऊठकर आगे बढ़ें। का. सत्यहरण यादव ने कहा कि अब शिक्षा पर हम सबको ध्यान देने की जरूरत है ताकि हम संविधान को पढ़ सके और भ्रष्टाचारियों, बेईमानों को कानून पढ़ कर बता सके। इस बात का संकल्प हमें पार्टी स्थापना दिवस के दिन लेकर जाना चाहिए और इस साम्यवाद रूपी आंदोलन के साथ सबको जुड़ना चाहिए। गोष्ठी को कॉ रविकरण, श्रीपाल प्रजापति, सुशील यादव, विनोद पाल आदि ने संबोधित किया।
इस मौके पर पुरुषोत्तम वर्मा, राजेंद्र कुमार, प्रद्युम्न कुमार, राम भवन, कमलेश प्रसाद, हनुमान, चंद्रमोहन गुप्ता, बृजभूषण, राजा, बिहारी लाल, राजाराम, दिनेश, फिरोज, जगदीश, दीपक सहित दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### शिक्षक विधायक ने किया क्षेत्र भ्रमण



**चित्रकूटः** सुरेश कुमार त्रिपाठी शिक्षक विधायक, नेता सदन शिक्षक दल विधान परिषद उत्तर प्रदेश एवं अध्यक्ष उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारो चुनाव अभियान कार्यक्रम के प्रथम चरण में सोमवार को जनपद चित्रकूट में चन्द्रेश इण्टर कालेज बरगढ़, राजकीय इण्टर कालेज बरगढ़, कार्तिकेय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरगढ़, बाबा प्राणनाथ इण्टर कालेज पूरब पताई, पंडित शिवकुमार त्रिपाठी इण्टर कालेज, पंडित पुरुषोत्तम द्विवेदी इण्टर कालेज मऊ, महर्षि बाल्मिकि इण्टर कालेज खण्डेहा व सुन्दर सिंह पटेल इण्टर कालेज लालता रोड़ पहुंचे और शिक्षकों से मिलकर उनकी समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने पुरानी पेंशन व कैशलेश इलाज की सुविधा के लिए बडे संघर्ष की जरूरत बताई। कहा कि नये वर्ष में प्रदेश की राजधानी में एक विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। शिक्षकों द्वारा पूर्ण समर्थन के साथ पुनः विजय प्राप्त करने का संकल्प लिया गया।
इस मौके पर राघवेन्द्र कुमार मिश्र जिलाध्यक्ष, सूर्यभान सिंह जिलामंत्री, अवधेश कुमार सिंह जिला कोषाध्यक्ष, पूर्व जिलामंत्री शिव प्रताप मिश्र, जेपी मिश्र वित्त विहीन मण्डल अध्यक्ष चित्रकूट, सुरेश प्रसाद प्रांतीय प्रतिनिधि, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष फूलचंद्र द्विवेदी, हरकेश बहादुर सिंह, विष्णु दत्त मिश्र, रमेश सिंह परिहार आदि मौजूद रहे।

# अवैध शराब के खिलाफ सघन अभियान चलाकर माफियाओं पर कसें शिकंजा - डीएम

**चित्रकूटः** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की उपस्थिति में सोमवार को अभियोजन एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन से निर्देश दिए गए हैं कि महिला उत्पीड़न, गैंगेस्टर, पाक्सो पर प्रभावी कार्यवाही कराई जाए। अभियोजन व पुलिस मिलकर पैरवी करके सजा दिलाएं, जिन शासकीय अधिवक्ताओं की प्रगति ठीक नहीं है, उसमें सुधार करें। शासन की मंशा है कि सभी अपराधी जेल में हो। उन्होंने उप जिलाधिकारियों, पुलिस क्षेत्राधिकारियो और थानाध्यक्षों से कहा कि जनसुनवाई पर विशेष ध्यान दें, तहसील व थाना दिवस में जो भी मामले आए तो मौके पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। भूमि संबंधी मामले पर उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी स्वयं जाकर निस्तारण कराएं, समय से कार्यालय में बैठ करके जनसुनवाई करें। लाउडस्पीकर जो उतारे गए थे वह लग गए हैं और आवाज कम कराया गया था इस पर फिर से अभियान चलाकर कार्यवाही करें। अवैध टैक्सी, टैम्पो स्टैंड का संचालन तथा वसूली किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए।



अधिशासी अधिकारियों से कहा कि उप जिलाधिकारियों से संपर्क करके टेंपो, टैक्सी स्टैंड की व्यवस्था कराएं। जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि अवैध शराब पर कार्यवाही करें तथा कारोबारियों को चिन्हित करके उन पर भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने थानाध्यक्षों तथा जिला आबकारी अधिकारी से कहा कि अवैध शराब की भठ्ठियों पर कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा भांग की जो लाइसेंस की दुकानें हैं वहां से गांजा बेचने की शिकायत मिल रही है तो उनको भी नोटिस जारी कर-के कार्यवाही करें। गांव में ग्राम प्रधानों के साथ बैठक करके उनकी भी इस संबंध में जिम्मेदारी तय किया जाए। अवैध लोडिंग परिवहन, अवैध खनन पर जो वाहन पकड़े जाएं, उसमें वाहन चालक के साथ-साथ मालिक के खिलाफ भी कार्यवाही हो, जो अवैध खनन करते पकड़ा जाए तो उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाए। उन्होंने शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि पाक्सो एक्ट के अंतर्गत प्रभावी कार्यवाही कराएं क्योंकि शासन स्तर से भी कार्यवाही के संबंध में निर्देश दिए जा रहे हैं और महिला संबंधी मामलों पर भी प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। सभी लोग मुकदमों पर रुचि लेकर कार्य करें तभी अच्छे परिणाम आएंगे, कोई पुलिस से समस्या हो तो अवगत कराएं, निस्तारण कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहां की अवैध खनन पर उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी, खनिज अधिकारी, परिवहन विभाग अभियान चलाकर संयुक्त रूप से सघन चेकिंग करके कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने रोडवेज के अधिकारियों से कहा कि जो बसों का संचालन हो रहा है उसमें रिफ्लेक्टर आदि व्यवस्था करें। घने कोहरे पर रोककर बसों का संचालन करें, बसे सही हालत में चलनी चाहिए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी से कहा कि स्कूल बसों का संचालन बिना परमिशन के नहीं होना चाहिए जो अनफिट बसे हैं, उसकी सूची दें। सभी प्रधानाचार्यो से प्रमाण पत्र ले कि हमारी अनफिट बस नहीं चल रही है, अगर चलती हुई पाई जाए तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करें। पुलिस क्षेत्राधिकारी व थानाध्यक्षों से कहा कि धर्म परिवर्तन में भी गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारियों, अधिशासी अधिकारियों से कहा कि ठंड से किसी भी व्यक्ति की मृत्यु नहीं होना चाहिए यह सुनिश्चित करें गांव में ग्राम प्रधानों के माध्यम से सूची तैयार करा कर कोई भी गरीब व्यक्ति हो उसको व्यवस्थित कराएं। उप जिलाधिकारियों से कहा कि शासकीय जमीनों से अवैध अतिक्रमण तत्काल हटाया जाए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से कहा कि खाद्य सामग्री का नमूना भरकर कार्यवाही करें। अपर जिलाधिकारी से कहा कि इनकी भी टीम बनाकर दुकानों पर छापेमारी करके खाद्य पदार्थों की जांच कराएं, मिलावट पाए जाने पर प्रभावी कार्यवाही उप जिलाधिकारी अपने पर्वेक्षण पर सुनिश्चित करें। ड्रग इंस्पेक्टर को निर्देश दिए कि दवाओं की दुकानों पर छापामार कार्यवाही करके अवैध दवाओं की चेकिंग करें।
जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं सभी लोग प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें, अगर कहीं पर कोई समस्या हो तो अवगत कराएं तत्काल निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों तथा थानाध्यक्षों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में पब्लिक एड्रेस सिस्टम चालू कराएं। उन्होंने अत्याचारों से उत्पीड़न अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों की आर्थिक सहायता पर जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया से कहा कि शासन को पत्र भेजा जाए।
इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुमार बहादुर सिंह, उप जिलाधिकारी कर्वी राजबहादुर, मऊ नवदीप शुक्ला, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय, मऊ मानिकपुर शीतला प्रसाद पांडेय, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी इम्तियाज, जिला शासकीय अधिवक्ता श्यामसुंदर मिश्रा सहित अन्य शासकीय अधिवक्ता मौजूद रहे।

# नेतन्याहू ने एलजीबीटीक्यू विरोधी टिप्पणियों के लिए कट्टरपंथी सहयोगी को फटकार लगाई

**इजराइल।** इजराइल के मनोनीत प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर से नये गठबंधन के सहयोगियों को यह कहने के लिए फटकार लगाई कि वे एलजीबीटीक्यू के खिलाफ भेदभाव की अनुमति देने वाले कानून को उन्नत बनाएंगे। नेतन्याहू की ओर से फटकार लगाने का यह बिरला मामला है। उन्होंने कहा कि उनकी आगामी सरकार में इस समुदाय के हितों को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा। नेतन्याहू इजराइल के इतिहास की अति राष्ट्रवादी और धार्मिक सरकार बनाने की तैयारी में हैं। वह अपनी लिकुड मूवमेंट और कई खुले तौर पर एलजीबीटीक्यू विरोधी दलों के साथ मिलकर सरकार बनाने वाले हैं। इससे इजराइल के एलजीबीटीक्यू समुदाय में इस



बात को लेकर डर है कि नई सरकार, जिसके आगामी हफ्ते में गठित होने के आसार हैं, देश में उनके समुदाय के अधिकारों को लेकर हाल के सालों में हासिल की गई बढ़त को वापस ले लेगी। इजराइली संसद नेसेट में रिलिजीयस जियोनिस्ट की सदस्य ओरिट स्ट्रक ने कहा कि उनकी पार्टी देश के भेदभाव विरोधी कानून में बदलाव चाहती है। इसमें अस्पतालों में एलजीबीटीक्यू समुदाय के लोगों के खिलाफ भेदभाव करने की भी बात शामिल है। गौरतलब है कि इजराइल की सेना, संसद और कला जगत में एलजीबीटीक्यू समुदाय के कई सदस्य खुलेआम कार्यरत हैं। इजराइल के कई पूर्व मंत्री खुलेआम समलैंगिक रहे हैं। नेतन्याहू ने कहा कि स्ट्रक की टिप्पणी ''मेरे और लिकुड के सदस्यों के लिए अस्वीकार्य है' और गठबंधन समझौता 'एलजीबीटीक्यू के खिलाफ भेदभाव की अनुमति नहीं देता है या अन्य सभी इजरायली नागरिकों की तरह सेवाएं प्राप्त करने के उनके अधिकार को नुकसान नहीं पहुंचाता है।

# चीन में बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार, कोरोना प्रूफ छाते में दिखा कपल, चारों ओर लाचारी का आलम

**बीजिंग।** चीन में कोरोना के कहर के चलते हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। करोड़ों लोग डर से घरों में कैद हैं। इतना ही नहीं अस्पताल के बाहर मरीजों की लंबी कतारें लगी है। इतना ही नहीं मीडिया रिपोर्ट की माने तो दिसंबर के पहले 20 दिनों में 24.8 करोड़ से अधिक लोगों के संक्रमित होने की सूचना है। लेकिन इन सब के बीच अब सोशल मीडिया पर कुछ ऐसे वीडियो भी वायरल हो रहे हैं जो चीनी सरकार के अमानवीय चेहरे को दिखाता है।

**कोरोना प्रूफ छाते में नजर आया कपल**

वीडियो में एक कपल सड़क पर कुछ सामान खरीदते नजर आ रहा है। इस दौरान उन्होंने एक ऐसा छाता लगाया हुआ था, जिसे देखकर आसपास के लोग हैरान



रह गए। पहले तो लोगों को समझ में ही नहीं आया आखिर ये चल क्या रहा है? फिर बाद में जब दोनों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि कोरोना से बचाव के लिए उन्होंने ऐसा किया है।वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया है कि इस कपल ने सेल्फ प्रोटेक्शन को अलग लेवल पर पहुंचा दिया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि छाता चारों तरफ एक पॉलीथिन की दीवार बनाए हुए था, जिसके बीच में कपल चल रहा था। यह छाता पॉलीथिन की मदद से नीचे की तरफ जमीन तक चारों तरफ से कपल को कवर करे हुए है। इस बीच खरीददारी के समय कपल नीचे से पॉलीथिन को ऊपर कर के सामान ले रहा है।

**चीन में मासूम साथ अमानवीय व्यवहार, भावुक हो जाएंगे आप**


चीन में कोरोना संक्रमितों के साथ अमानवीय व्यवहार का भी वीडियो सामने आ रहा है। इस वीडियो में देखा जा रहा है कि कैसे एक मासूम को PPE किट पहनाकर इलाज के लिए ले जाया जा रहा है। मासूम डरा सहमा नजर आ रहा है। वह चारों ओर पहले देखता है, ऐसा लग रहा है कि वह अपने माता पिता की तलाश में है। लाचार मासूम फिर आराम से एंबुलेंस में जाकर बैठ जाता है।

# चीन ने ताइवान को घेर किया युद्धाभ्यास, एयर डिफेंस जोन का उल्लंघन कर भेजे 71 एयरक्राफ्ट

**ताइवान।** चीन ने ताइवान के पूरे एयरस्पेस को घेर सैन्य युद्धाभ्यास को अंजाम दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीन ने यह शक्ति प्रदर्शन 'स्ट्राइक ड्रिल्स' के तौर पर किया, जिसके तहत उसकी वायुसेना और सेना ने किसी भी लक्ष्य को भेदने की अपनी क्षमताओं को दर्शाया।

**ताइवान के करीब देखे गए चीन के 71 एयरक्राफ्ट्स**

अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने ताइवान को चेतावनी देने के लिए 47 एयरक्राफ्ट्स भेजे। बीते महीनों में यह चीन की तरफ से ताइवान के एयर डिफेंस जोन का सबसे बड़ा उल्लंघन रहा। बताया गया है कि चीन ने इस दौरान अपने जे-10, जे-11, जे-16 और सुखोई-30 फाइटर जेट्स समेत 42 लड़ाकू विमान भेजे, जबकि दो वाई-8 मैरिटाइम पैट्रोल एयरक्राफ्ट्स और एक केजे-500 अर्ली वॉर्निंग एयरक्राफ्ट भेजे। इसके अलावा चीन की तरफ से सीएच-4 और डब्ल्यूजेड-7 मिलिट्री ड्रोन्स भी भेजे गए। कुल मिलाकर ताइवान जलडमरूमध्य (चीन-ताइवान के बीच समुद्र) में चीन के 71 एयरक्राफ्ट देखे गए। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की पूर्वी थिएटर कमान ने इस युद्धाभ्यास



के जरिए अमेरिका और अन्य पश्चिमी देशों को ताइवान मुद्दे पर दखल न देने का संदेश दिया है। चीन की तरफ से इसे लेकर एक बयान भी जारी किया गया। इसमें कहा गया कि सेना ने ताइवान के आसपास अपनी जंग की तैयारियों को परखा और सेना के अंगों के साथ संयुक्त शक्ति प्रदर्शन किया। हालांकि, यह युद्धाभ्यास कहां किया गया, इस पर चीन ने स्थिति साफ नहीं की। चीन के इसी बयान में अमेरिका और उसके साथियों को भी घेरा गया। इसमें कहा गया, ÷यह अमेरिका और ताइवान के साथ आने और मौजूदा समय में स्थितियों को भड़काने के खिलाफ हमारी सख्त प्रतिक्रिया है। अगर जरूरत पड़ी तो पूर्वी थिएटर कमान चीन की एकता और अखंडता की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी।÷ इस युद्धाभ्यास को लेकर ताइवान ने भी प्रतिक्रिया जारी की। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन के इस शक्ति प्रदर्शन से साफ है कि वह क्षेत्रीय शांति के खिलाफ है और ताइवान के लोगों को डराने की कोशिश कर रहा है। ताइवान की तरफ से कहा गया कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की सेना की तरफ से डराने वाले यह कदम जाहिर तौर पर नागरिकों की हिम्मत तोड़ने के लिए हैं। लेकिन ताइवान अपनी सैन्य ताकत बढ़ाना जारी रखेगा।

## पाकिस्तान में अतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान छह सैन्यकर्मियों की मौत

**बलूचिस्तान।** पाकिस्तान के अशांत दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादियों के साथ दो अलग-अलग मुठभेड़ के दौरान एक अधिकारी सहित कम से कम छह सैन्यकर्मी मारे गए। प्रांत के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादियों द्वारा किए गए ग्रेनेड हमलों में 15 लोग घायल हो गए। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विभाग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक बलूचिस्तान के कहन इलाके में एक अभियान के दौरान इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में पांच सैनिक मारे गए। बयान के मुताबिक विश्वसनीय सूचना के आधार पर शनिवार को इस अभियान की शुरुआत की गई।बयान के अनुसार झोब जिले के सांबाजा इलाके में आतंकियों के खिलाफ एक अभियान 96 घंटे से जारी है। आईएसपीआर के बयान के मुताबिक इस अभियान का उद्देश्य ''आतंकवादियों के पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पार कर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में घुसने और नागरिकों और सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए कुछ संदिग्ध मार्गों का उपयोग करने से रोकना है।'' इस बीच, अफगानिस्तान की सीमा से सटे प्रांत के क्वेटा, लासबेला और खुजदार में संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा किए गए विस्फोटों में कम से कम 15 लोग घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अब्दुल हक उमरानी ने कहा कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।

## रूस में घुसकर यूक्रेन का हमला: सीमा से सैकड़ों किमी अंदर एंगेल्स एयरबेस पर बम धमाके, ड्रोन हमले की आशंका

**मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच 10 महीने बाद भी युद्ध अब तक नहीं थमा। बल्कि शुरुआत में हमले झेलने वाले यूक्रेन ने भी अब जंग का रुख पलटते हुए रूस के क्षेत्र में हमले शुरू कर दिए हैं। ताजा मामला रूस के एंगेल्स एयरबेस का है, जहां सोमवार सुबह दो बड़े धमाके सुनाई दिए। अब तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि हमले यूक्रेन की तरफ से ही किए गए हैं। हालांकि, अगर ऐसा हुआ तो यह रूस के लिए काफी चौंकाने



वाली बात होगी, क्योंकि एंगेल्स एयरबेस रूस-यूक्रेन सीमा से करीब 600 किलोमीटर अंदर मौजूद है। रॉयटर्स के मुताबिक, यूक्रेनी और रूसी मीडिया ने इन ब्लास्ट्स को लेकर रिपोर्ट जारी की हैं। बताया गया है कि एयरबेस पर दो तेज धमाके हुए। कुछ स्थानीय लोगों ने रूस के न्यूज आउटलेट बाजा को बताया कि धमाकों से कुछ देर पहले ही हवाई सायरन बज रहे थे। एंगेल्स एयरबेस कूटनीतिक तौर पर रूस के लिए काफी अहम है। यह बेस रूस के सारातोव शहर के पास है। रूसी राजाधानी मॉस्को से इसकी दूरी 730 किलोमीटर है। इस एयरबेस पर पांच दिसंबर को भी यूक्रेनी ड्रोन्स के हमले की खबर आई थी। तब न तो रूस और न ही यूक्रेन ने इसकी पुष्टि की थी। हालांकि, अब इस एयरबेस पर एक और हमले से रूस की सैन्य छवि को काफी नुकसान पहुंच सकता है। विश्लेषकों का कहना है कि अगर यूक्रेन की तरफ से यह हमला किया गया है तो यह रूसी एयर डिफेंस की बड़ी नाकामी के तौर पर देखा जाएगा।

# नेपाल के नए प्रधानमंत्री बने पुष्प कमल दहल प्रचंड, राष्ट्रपति ने किया नियुक्त

**काठमांडू।** नेपाल में तेजी से बदले राजनीतिक समीकरण के बाद नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया। राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने सीपीएन (माओवादी सेंटर) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल को नेपाल का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। दहल को ओली के नेतृत्व वाले सीपीएन-यूएमएल ने समर्थन दिया है। वह सोमवार की शाम को शपथ लेंगे। राष्ट्रपति कार्यालय की ओर से जानकारी दी गई है कि दहल को सोमवार की शाम चार बजे प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। पुष्प कमल दहल प्रचंड ने नेपाल की राष्ट्रपति बिद्यादेवी भंडारी को सांसदों के समर्थन वाला पत्र भी सौंप दिया, जिसमें बहुमत के लिए प्रचंड के समर्थन में 165 सांसदों के हस्ताक्षर हैं। दहल के पास सीपीएन-यूएमएल के 78, उनकी अपनी



माओवादी सेंटर पार्टी के 32 और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के 20, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के 14, जनता समाजवादी पार्टी के 12, जनमत के छह सहित 169 सदस्यों का समर्थन है। नेपाल की राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने सभी पार्टियों को प्रधानमंत्री पद के लिए दावा पेश करने के लिए शाम 5 बजे तक की डेडलाइन दी थी। आज दोपहर को सीपीएन (माओवादी सेंटर) के अध्यक्ष पुष्प कमल दहल प्रचंड मीटिंग से नाराज होकर निकल गए और गठबंधन से अलग होने का ऐलान कर दिया। इसके बाद दहल ने केपी शर्मा ओली की पार्टी सीपीएन-यूएमएल से हाथ मिलाया। केंद्र में नई सरकार बनने के साथ ही सात दलों का नया गठबंधन सभी सात प्रांतों में भी सरकार बनाने की ओर अग्रसर होता दिख रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाले सीपीएन-यूएमएल, सीपीएन-एमसी, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) और अन्य छोटे दलों की एक महत्वपूर्ण बैठक में सभी दल प्रचंड के नेतृत्व में सरकार बनाने पर सहमत हुए। सीपीएन-एमसी महासचिव देब गुरुंग ने बताया कि सीपीएन-यूएमएल, सीपीएन-एमसी और अन्य दल संविधान के अनुच्छेद 76(2) के तहत 165 सांसदों के हस्ताक्षर के साथ राष्ट्रपति कार्यालय शीतल निवास जाकर प्रचंड के प्रधानमंत्री पद की दावेदारी पेश की है। ओली के आवास बालकोट में आयोजित बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री ओली के अलावा प्रचंड, आरएसपी अध्यक्ष रवि लामिछाने, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के प्रमुख राजेंद्र लिंगडेन, जनता समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अशोक राय सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। प्रचंड और ओली के बीच बारी-बारी से (रोटेशन के आधार पर) सरकार का नेतृत्व करने के लिए सहमति बनी है और प्रचंड को पहले प्रधानमंत्री बनाने पर ओली ने अपनी रजामंदी जताई है।

## मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन को भ्रष्टाचार में 11 साल की कैद, 5 लाख डॉलर का जुर्माना

**माले।** मालदीव पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन को हवाला और रिश्वत के एक मामले में स्थानीय अदालत ने 11 साल कैद की सजा के साथ 5 लाख अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भी लगाया है। आपराधिक अदालत ने यामीन को एक सरकारी द्वीप को लीज देने के एवज में धन लेने का दोषी पाया। यामीन 2013 से 2018 तक इस हिंद महारागरीय द्वीपीय देश और पर्यटन स्थल के प्रमुख रह चुके हैं। उन्हें हवाला के लिए सात साल और रिश्वत लेने के लिए चार वर्ष की सजा सुनाई गई। यह पहली बार नहीं है जब यामीन को किसी अपराध के लिए दोषी पाया गया है। 2019 में एक अन्य मामले में उन्हें हवाला के लिए पांच साल की सजा सुनाई जा चुकी है। हालांकि दो साल बाद उच्चतम न्यायालय ने यह कहते हुए इस फैसले को खारिज कर दिया था कि शुरुआती सुनवाई में पेश किए गए सबूतों में विसंगती थी और



इससे साबित नहीं होता की यामीन ने 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर सरकारी धन निजी उपयोग में लाया था। यामीन 2018 के चुनाव में वर्तमान राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलीह से हार गए थे। अपने कार्यकाल के दौरान यामीन पर भ्रष्टाचार, मीडिया को दबाने और अपने राजनैतिक प्रतिद्वंदियों पर अत्याचार के आरोप लगे थे।

यामीन 2023 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए मालदीव की प्रोग्रेसिप पार्टी की ओर से प्रत्याशी घोषित किए जा चुके हैं। 1959 में जन्में यामीन राजनीति में आने से पहले सरकारी अधिकारी रह चुके हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1978 में वित्त विभाग में अधिकारी के तौर पर की थी। अपने करियर में यामीन कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। 1993 में मोमून अब्दुल गय्यूम के राष्ट्रपति काल में यामीन को व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय का मंत्री बनाया गया था। अब्दुल गय्यूम के कार्यकाल के दौरान यामीन उच्च शिक्षा, उड्ड़यन और पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों की कमान भी संभाल चुके हैं।

## दक्षिण अफ्रीका : गैस टैंकर में हुए विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हुई

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका क्रिसमस की पूर्व संध्या पर जोहानिसबर्ग के निकट टैंकर ट्रक में हुए विस्फोट से हुई तबाही और मौतों के दुख से जूझ रहा है। इस विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर 15 हो गयी है। बोक्सबर्ग शहर में शनिवार को कम ऊंचाई वाले एक रेलवे पुल के नीचे गैस टैंकर फंस गया था, जिसमें बाद उसमें आग की लपटें निकलने लगीं। आपातकालीन सेवाओं के अधिकारियों के मुताबिक दमकलकर्मी आग बुझाने का काम कर रहे थे कि तभी टैंकर में विस्फोट हो गया।अधिकारियों ने कहा कि इस विस्फोट से एक 'अग्नि बम' ने लगभग 100 मीटर (110 गज) दूर स्थित टैम्बो मेमोरियल अस्पताल को भी काफी नुकसान पहुंचाया। स्वास्थ्य मंत्री जो फहला ने कहा कि मरने वालों में अस्पताल के तीन



कर्मचारी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विस्फोट के कारण अस्पताल की आपातकालीन इकाई और एक्स-रे विभाग बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि जलते हुए ट्रक को देखने के लिए जमा हुए लोग विस्फोट से भाग गए, इस दौरान कुछ लोगों के कपड़े भी जल गए। कम से कम 321 घायल लोगों को क्षतिग्रस्त अस्पताल में ले जाया गया, हालांकि कुछ को बाद में जोहानिसबर्ग-क्षेत्र के अन्य अस्पतालों में स्थानांतरित कर दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, विस्फोट से कई मकान और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए।

# अमेरिका में बर्फीले तूफान का कहर, 34 लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में बर्फीले तूफान से कम से कम 34 लोगों की मौत हो गयी है, जबकि कई जगहों पर बर्फबारी में लोगों के फंसे होने से मृतक संख्या बढ़ने की आशंका है। बिजली आपूर्ति बाधित होने से कई इलाकों में घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों की बत्ती गुल हो गयी। घरों एवं वाहनों पर बर्फ की मोटी परत बिछ गई है। तेज हवाओं की वजह से कई जगहों पर पेड़ गिर गए और बिजली की तारों को भी नुकसान पहुंचा है। तूफान की वजह से कनाडा के पास ग्रेट लेक्स से मैक्सिको की सीमा से लगे रियो ग्रांडे तक का इलाका प्रभावित हुआ है।राष्ट्रीय मौसम सेवा के अनुसार, मौसम संबंधी सलाह या चेतावनी के दायरे में अमेरिका की करीब 60 प्रतिशत आबादी है और रॉकी माउंटेन के पूर्व से एपलाचियन तक तापमान सामान्य से काफी नीचे गिर गया है। विमानों की आवाजाही पर नजर रखने वाली वेबसाइट



'फ्लाइटअवेयर' के मुताबिक, करीब 1,707 घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द की गई। तूफान ने न्यूयॉर्क के बुफालो में सबसे ज्यादा तबाही मचायी है। आपात सेवाओं के अभियान भी बाधित हुए। बर्फ की मोटी परत बिछी होने के कारण शहर का अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी बंद कर दिया गया है। अमेरिका में अधिकारियों ने बताया कि इन लोगों की मौत तूफान संबंधी घटनओं जैसे कार दुर्घटना, पेड़ गिरने आदि के कारण हुई। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने बताया कि तूफान की वजह से बुफालो में आपात सेवा का अभियान ठप पड़ गया है। आपात सेवाओं के समय पर नहीं पहुंच पाने के कारण न्यूयॉर्क के उपनगरीय चीकटोवागा में शुक्रवार को दो लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा एरी काउंटी के कार्यकारी मार्क पोलोंकार्ज ने बताया कि तूफान के कारण काउंटी में 10 और लोगों की मौत हो गई, जिनमें से छह की मौत बुफोलो में हुई। बुफालो नियाग्रा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा आज यानी सोमवार को बंद रहेगा। एंबुलेंस को पहुंचने में भी देरी हो रही है। एरी काउंटी के अधिकारी मार्क पोलोनकार्ज ने बताया कि अस्पताल पहुंचने में एंबुलेंस को तीन घंटे से ज्यादा वक्त लग रहा है। तूफान प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल करने में दिक्कतें आ रही हैं।'पावरआउटेजडॉटयूएस' के मुताबिक सुबह आठ बजे तक दो लाख घरों में बिजली आपूर्ति बाधित है। नॉर्थ कैरोलाइना में करीब 6,500 घरों में बिजली आपूर्ति ठप है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अगले कुछ दिनों तक आपूर्ति प्रभावित रह सकती है। ओहायो में तूफान से जुड़ी विभिन्न घटनाओं में 10 लोगों की मौत हो गई। ओहायो में सड़क पर एक जगह करीब 50 गाड़ियां टकरा गई। वहीं, एरी काउंटी में विभिन्न दुर्घटनाओं में 12 लोगों की मौत हो गई। मिसूरी, केंटुकी और कंसास में अलग-अलग जगहों पर छह लोगों की मौत हो गई।

## लोन फ्रॉड केस में चंदा कोचर के बाद अब वीडियोकोन के मालिक वेणुगोपाल धूत गिरफ्तार

मुंबई,। सेंट्रल इंवेस्टिगेशन ब्यूरो (सीबीआई) ने सोमवार को ऋण घोटाला मामले में वीडियोकोन ग्रुप के चेयरमैन वेणुगोपाल धुत को मुंबई स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया है।

सीबीआई ने धुत की गिरफ्तारी आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व सीईओ चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर से गहन पूछताछ के बाद की है। सीबीआई वेणुगोपाल धुत को कोर्ट में पेश करके उनकी कस्टडी मांगेगी। वीडियोकोन ऋण घोटाले में सीबीआई ने शुक्रवार को चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर को गिरफ्तार किया था।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।